# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 23 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 315 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ बात बिगड़ेगी तो दूर तलक...
■ भारत के लिए आसान... 04
■ पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम...
■ ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोविड-19 के देश ... 09
■ निर्यात पर अंकुश से घटने लगा गैर बासमती...
■ शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट... 11
■ बूमराह सभी प्रारूपों में...
■ शाह की जगह हसन को... 10

# 3 लाख से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़ेंगे, 71 हजार से अधिक को मिलेगा रोजगार : शिवराज



मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का शुभारंभ

### 5 एमएसएमई क्लस्टर व 307 इकाईयों का किया भूमि पूजन तथा 1708 इकाईयां की लोकार्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य स्तरीय रोजगार दिवस के अवसर पर 15 एमएसएमई क्लस्टर का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा–इन क्लस्टरों में 01 हजार 937 करोड़ के निवेश से 552 इकाईयों की स्थापना होगी और लगभग 28 हजार 300 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री

### उज्जैन में 500 करोड़ की लागत से बनेगा भक्त निवास

चौहान ने 932 करोड़ 22 लाख के निवेश वाली 1708 इकाईयों का लोकार्पण भी किया। इससे लगभग 16 हजार 375 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही प्रदेश की 307 औद्योगिक इकाईयों का भूमि पूजन भी किया गया, 556 करोड़ 41 लाख के निवेश की इन इकाईयों से 6 हजार 310 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन में 554 करोड़ 89 लाख की लागत के 9 नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन तथा 159 करोड़ 99 लाख से निर्मित सात विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध प्रबंधन समिति के 500 करोड़ की लागत से बनने वाले भक्त निवास और 17 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले फेसेलिटी सेंटर का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मेघदूत पार्किंग और संभागीय आईटीआई का लोकार्पण भी किया मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अत्याधुनिक सुविधायुक्त श्री महाकालेश्वर मंदिर भक्त निवास के नाम और लोगो का विमोचन भी किया।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

सार संक्षेप

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पथ विक्रेताओं का महासम्मेलन आज

### मुख्यमंत्री पथ-विक्रेताओं से करेंगे संवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 सितम्बर को शहरी और ग्रामीण पथ विक्रेताओं के महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में दोपहर 12 बजे किया जायेगा। श्री चौहान योजनाओं से लाभान्वितों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा पीएम स्वनिधि शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया जायेगा। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि कोविड महामारी के दौरान शहरी नगरीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रभावित वर्ग पथ विक्रेताओं को 10 हजार, 20 हजार एवं 50 हजार रूपये की कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किये जाने के लिए भारत सरकार द्वारा पीएम स्ट्रीट वेण्डर आत्मनिर्भर निधि योजना जुलाई 2020 से प्रारंभ की गई है।

उल्लेखनीय है कि अब तक 3 लाख 38 हजार से अधिक हितग्राही मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ-विक्रेता योजना से लाभान्वित हुए हैं। इसी तरह पीएम स्वनिधि योजना में 8 लाख 92 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

**सूचना**

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-अब भाजपा सांसद की सदन में अभद्र भाषा के इस्तेमाल से नया विवाद खड़ा हो गया है।
**चुहिया- हां प्रिये**- ऐसे माननीयों को मर्यादा का पाठ जरा ठीक से पढ़ाया जाना चाहिए।

## भाजपा सांसद की अभद्र भाषा पर छिड़ा विवाद

- बसपा सांसद को गालियां देने पर रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने नोटिस दिया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी ने बसपा सांसद को गाली दी। जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फटकार लगाते हुए नाराजगी जाहिर की तो भाजपा ने भी उन्हें नोटिस जारी कर दिया है।

उधर विपक्ष भी भड़क गया है और सांसद पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। गुरुवार को लोकसभा में जब विधूड़ी चंद्रयान-3 की सफलता पर चल रही चर्चा पर बोल रहे थे तो बसपा सांसद दानिश अली ने कुछ टोका-टोकी की। इसके बाद भाजपा सांसद अपना आपा खो दिए और दानिश के लिए आतंकवादी सहित कई अभद्र शब्दों का प्रयोग किया।

साथ ही बाहर निकलकर निपटने की भी धमकी दी। उनकी इस हरकत पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा व्यवहार सांसद द्वारा दुबारा किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर उन्हें नोटिस भी जारी कर दिया गया है।

### केवल दानिश नहीं पूरे सदन का अपमान : कांग्रेस

उधर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस कृत्य के विधूड़ी की निंदा की। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी है, लेकिन वो काफी नहीं है। इस तरह की भाषा से केवल दानिश अली नहीं पूरे सदन का अपमान है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने विधूड़ी के भाषण का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इसमें भाजपा सांसद बसपा सांसद के लिए उग्रवादी, आतंकवादी समेत कई आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### न्याय नहीं मिला तो सदन छोड़ दूंगा : दानिश



रमेश बिधूड़ी के अमार्यादित बोल पर बसपा के सांसद दानिश अली ने कहा है कि मैंने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर मामले को प्रिविलेज कमेटी में भेजने की मांग की है। जब मेरे जैसे निर्वाचित सदस्य का यह हाल है तो सामान्य व्यक्ति का क्या हाल होगा। मुझे उम्मीद है, न्याय मिलेगा, स्पीकर जांच कराएंगे। वरना मैं भी इस संसद को छोड़ने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## चंद्रयान-3 के लैंडर-रोवर से नहीं मिले सिग्नल



### संपर्क करने के प्रयास जारी

**बेंगलुरु, ( एजेंसियां )।** इसरो ने शुक्रवार को कहा कि- विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के साथ कम्युनिकेशन स्थापित करने के प्रयास किए गए हैं ताकि उनकी जागने की स्थिति का पता लगाया जा सके। फिलहाल उनकी ओर से कोई सिग्नल नहीं मिले हैं। संपर्क स्थापित करने के प्रयास जारी रहेंगे।

14 दिनों की रात के बाद चांद के साउथ पोल पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। ऐसे में इसरो को स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के जागने की उम्मीद है। इसरो ने 4 सितम्बर को लैंडर को स्लीप मोड में डाला था।

## भारतीय खिलाड़ियों में भेदभाव पर भारत ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा उसके कुछ खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति व्यक्त की और केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर की चीन यात्रा को रद्द कर दी गई है।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां कुछ भारतीय खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा भारत सरकार को पता चला है कि चीन के अधिकारियों ने निशाना बनाते हुए और पूर्व-निर्धारित तरीके से अरूणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है।

## महिला आरक्षण बिल जल्द हो लागू : राहुल



**नई दिल्ली,देशबन्धु।** संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित हो जाने के बाद भाजपा जहां इसे लेकर जश्न बना रही है, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से कोटा में कोटा तहत ओबीसी का मामला उठाया है।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण अच्छी बात है और इसे आज ही लागू किया जा सकता है। लेकिन भाजपा सरकार की मंशा सही नहीं है और वह जनगणना व परिसीमन के बहाने इसे लागू नहीं कर रही है। उन्होंने महिला आरक्षण से लेकर ओबीसी अधिकारियों तक का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया लेकिन इसमें दो बातें सरकार की मंशा पर सवाल खड़ी करती हैं। जिसमें पहली जनगणना और दूसरा परिसीमन है।

इन दोनों को पूरा करने में कई साल लग जाएंगे। महिला आरक्षण को आज ही लागू किया जा सकता है,लेकिन सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि इस कानून को लागू करने में कम से कम 10 साल लगेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा को जनगणना और परिसीमन की बात हटाकर पहले महिलाओं को भागीदारी देनी चाहिए।

### जातीय जनगणना से ध्यान हटाना चाहती है सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण विधेयक की कमियां गिनाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातीय जनगणना से ध्यान हटाना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनगणना को लेकर यूपीए सरकार ने डेटा निकाला था, उसे सार्वजनिक किया जाय और पता चल जाएगा कि ओबीसी की आबादी कितनी है। इसके अलावा नई जनगणना जाति के आधार पर कराने की भी मांग की।

## एनडीए में शामिल हुई जेडीएस

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

इसके बाद जनता दल (सेक्युलर) के औपचारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का एलान किया। बैठक के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। नड्डा ने कहा मुझे खुशी है कि जेडीएस ने एनडीए का हिस्सा बनने का फैसला किया है। हम एनडीए में उनका तहे दिल से स्वागत करते हैं।

इससे एनडीए और प्रधानमंत्री के विजन 'न्यू इंडिया, स्ट्रॉन्ग इंडिया' को और मजबूती मिलेगी। दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी ने कहा, आज हमने औपचारिक रूप से भाजपा के साथ आने के बारे में चर्चा की। हमने औपचारिक रूप से कुछ मसलों पर बात की है। हमारी ओर से कोई मांग नहीं है।




अभ्यारण्य

## गजराजों की मौज मस्ती का महोत्सव

## हो रही तेल मालिश, खाने में परोसे जा रहे हाथियों के प्रिय आहार, कीमती फल



**बांधवगढ़।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्य जीव सरंक्षण में मुख्य भूमिका निभाने वाले हाथियों की विशेष खातिरदारी के लिए गुरुवार से सात दिवसीय हाथी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बांधवगढ़ के 12 हाथियों की विशेष खातिरदारी की जा रही है।

हाथियों को प्रात: से स्नान कराया जाता है, फिर अरंडी के तेल से मालिश के बाद उनकी पूजा-अर्चना करके उनके प्रिय भोजन गुड़, चना, गन्ना और मौसमी फल खिलाये जा रहे हैं। साथ ही हाथियों का वन्य जीव विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनका स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर आवश्यक उपचार कराया जा रहा है। इस महोत्सव में आसपास के नागरिकों को भी पार्क प्रबंधन शामिल करता है, ताकि लोगों को वन्य जीव प्रबंधन में हथियों के महत्व को समझाया जा सके।

बांधवगढ़ में हाथी वन्य जीव सरंक्षण में मुख्य भूमिका में रहते हैं। बाघों की निगरानी से लेकर उनका रेस्क्यू करने में भी हाथियों की बड़ी भूमिका होती है। बांधवगढ़ में इन दिनों जंगली हथियों ने भी अपना डेरा जमाया हुआ है, उन्हें भी नियंत्रित करने में हाथी काम आते हैं। ऐसे में पार्क प्रबंधन लगातार साल भर काम में बने रहने के कारण सात दिन का विश्राम देता है और इस बीच हाथियों से कोई कार्य नहीं लिया जाता, और इन्हें एक साथ रखकर इनकी खातिरदारी की जाती है।

पार्क प्रबंधन के मुताबिक सामाजिक प्राणी होने के कारण अपनी संतति को आगे बढ़ाने में भी यह महोत्सव अवसर प्रदान करता है। हाथी महोत्सव के बहाने ही सही लेकिन बांधवगढ़ के प्रबंधन में बड़ी भूमिका निभाने वाले इन हाथियों को सात दिन मौज मस्ती करने का खूब अवसर दिया जाता है, जिसके बाद हाथियों के भीतर फिर आगे एक साल और काम करने की ऊर्जा का संचार हो जाता है।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश

## कनाडा विवाद के बीच सऊदी अरब ने सुर बदले

**नई दिल्ली।** खालिस्तान आतंकवाद के मुद्दे को लेकर कनाडा से भारत का टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। अब इस कूटनीतिक विवाद के बीच सऊदी अरब ने भी भारत को असहज करने वाला काम किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर आयोजित एक बैठक में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर को लेकर टिप्पणी की है। वहीं, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने जनरल डिबेट के दौरान अपने संबोधन में जम्मू और कश्मीर का मुद्दा को उठाया है। इस्लामिक संगठन की ओर से आयोजित एक बैठक में जम्मू और कश्मीर की मुस्लिम आबादी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने कहा कि सऊदी अरब मुस्लिम लोगों की इस्लामिक पहचान और उनकी गरिमा बनाए रखने में हमेशा उनके साथ खड़ा है।

## भारत-कनाडा विवाद पर बोली कांग्रेस-

# गहन राजनयिक जुड़ाव से ही सकंट का समाधान

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत-कनाडा राजनयिक विवाद पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई समझौतों से परे होनी चाहिए।

साथ ही, कनाडा में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, कनाडा में तकरीबन 3 लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्र पढ़ते हैं। उन सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। वे सभी कनाडा के आर्थिक विकास और भारत-कनाडाई संबंधों में योगदान दे रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश से जब राजनयिक विवाद पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि गहन कूटनीतिक भागीदारी इस संकट का एकमात्र हल है। मुझे यकीन है कि भारत सरकार इसमें शामिल हो रही है।

### कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा हो सुनिश्चित : जयराम रमेश

## सनातन वाले बयान पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, उदयनिधि स्टालिन और ए राजा को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि के सनातन धर्म पर दिए गए विवादित बयान का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को इस मामले में उदयनिधि स्टालिन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही डीएमके नेता ए राजा के खिलाफ भी नोटिस जारी किया गया है।

अदालत ने उदयनिधि स्टालिन से सवाल किया है कि आखिर उन्होंने ऐसा बयान क्यों दिया और इसकी क्या जरूरत थी। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के वकील की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है।

इस याचिका में मांग की गई थी कि उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ सनातन धर्म को लेकर दिए आपत्तिजनक बयान के मामले में एफआईआर होनी चाहिए। याचिका में उदयनिधि स्टालिन और सनातन धर्म विवादिय बयान देने वाले अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का आदेश देने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों नेताओं के खिलाफ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सत्ताधारी पार्टी डीएमके को भी नोटिस जारी किया गया है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर नौ दिवसीय अमेरिका यात्रा पर हुए रवाना, यूएनजीए के 78वें सत्र को करेंगे संबोधित



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की शुक्रवार से नौ दिवसीय अमेरिका की यात्रा शुरू हुई। अपनी यात्रा के दौरान, एस जयशंकर सबसे पहले न्यूयॉर्क जाएंगे, जहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा वह ग्लोबल साउथ को लेकर एक स्पेशल कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

**वाशिंगटन में अपने समकक्ष से करेंगे मुलाकात-** संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सम्मेलन के बाद एस जयशंकर वाशिंगटन डीसी जाएंगे, जहां वह अपने समकक्ष से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वह 27 सितंबर से 30 सितंबर के बीच वाशिंगटन डीसी में रहेंगे।

## कर्नाटक के तमिल बहुल इलाको में बढ़ाई सुरक्षा

**बेंगलुरु।** कावेरी जल विवाद को लेकर कर्नाटक के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शनों के बीच शहर की पुलिस ने विशेष रूप से तमिल बहुल इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी है। कावेरी जल नियमन समिति के आदेश में हस्तक्षेप न करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद ये सावधानियां बरती गईं। इसके मुताबिक कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए प्रतिदिन पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़ना होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 3 लाख से अधिक युवा.....

**महालोक के दूसरे चरण का होगा लोकार्पण-** मुख्यमंत्री ने कहा कि अध्यात्म का केंद्र उज्जैन अब उद्योगों का केंद्र भी बनने जा रहा है। महाकाल महाराज की कृपा से उज्जैन की विक्रम उद्योगपुरी में एक के बाद एक उद्योग स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन की पूरी अर्थ व्यवस्था ही बदल गई है। सावन के महीने में सवा दो करोड़ भक्त आए और महाकाल महाराज की पूजा में शामिल हुए। उज्जैन में प्रतिदिन डेढ़ लाख भक्त आ रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट, प्रसादी और पूजन सामग्री आदि की मांग निरंतर बढ़ रही है। आय के नए स्रोत विकसित हो रहे हैं। उज्जैन में 3 हजार करोड़ रूपया अतिरिक्त आने वाला है। श्री चौहान ने कहा कि महाकाल महालोक के बाद महालोक के दूसरे चरण का लोकार्पण भी होगा। अवंतिका अब तीन लोक से न्यारी होगी। मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी जल्दी होगा।

**जो कहा वह करेंगे, यह शिवराज की गारंटी है-**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण का दौर है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से हमने बहनों को पैसा नहीं सम्मान दिया है। यह योजना नहीं बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। योजना में बहनों को दी जा रही राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए किया गया है। इसे धीरे-धीरे तीन हजार रुपए तक बढ़ाया जाएगा, जो कहा है वह करेंगे यह शिवराज की गारंटी है।कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, सूक्ष्म,लघु मध्यम उद्यम मंत्री ओम प्रकाश सखलेचा, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक बहादुर सिंह, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व मंत्री पारस जैन तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में भक्त निवास और फेसेलिटी सेंटर पर केंद्रीत दो लघु फिल्में भी प्रदर्शित की गईं। उज्जैन में हुए भूमि पूजन के अंतर्गत ग्राम नीमनवासा में 1.33 हेक्टर क्षेत्र फल में विकसित होने वाले प्लास्टिक क्लस्टर तथा खाचरोद तहसील स्थित औद्योगिक क्षेत्र फर्नाखेड़ी में 58 इकाइयों का भूमि पूजन तथा 10 करोड़ लागत की सी पी पेंटस, 50 करोड़ की श्री पैकर्स प्रा.लि और 45 करोड़ की आरिबा फूडस प्रा. लि. का लोकार्पण भी हुआ, इनसे लगभग 400 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला शहडोल (म.प्र.)

आर.डी.एम./विस्फो./2023/6067

शहडोल, दिनांक 20/09/2023

**सार्वजनिक सूचना**

श्री आशीष गुप्ता पिता श्री रामजी गुप्ता, निवासी पंचायती मंदिर रोड, वार्ड क्रमांक 8 ब्यौहारी जिला शहडोल द्वारा विस्फोटक नियम 2008 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम खामडाड़ तहसील ब्यौहारी स्थित आराजी खसरा क्रमांक 787/3/2/1/4/1/2 रकवा 0.0110 हेक्टर क्षेत्र पर स्थायी आतिशबाजी भण्डारण एवं विक्रय हेतु अनुज्ञप्ति स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। यदि प्रश्नाधीन भूमि पर आतिशबाजी भण्डारण एवं विक्रय किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला शहडोल (म.प्र.)**

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

Ph No. 07652-292604

Email-finzskshahdol@gmail.com, zskshdmp@mp.gov.in

### कार्यालय कलेक्टर, (जिला शिक्षा केन्द्र) शहडोल म.प्र.

**निविदा**

शहडोल 20 सितम्बर/वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु मूल्याकंन परीक्षा संबंधी सामग्री मुद्रण हेतु दरों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in में उपलब्ध हैं।

**जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र शहडोल (म.प्र.)**

### कार्यालय नगर परिषद बनगवां (राजनगर), जिला-अनूपपुर (म. प्र.)

क्र./1127/न.पा./लो.नि./जेम बिड/2023 बनगवां (राजनगर), दिनांक - 20/09/2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित सामग्री प्रदाय हेतु GEM पोर्टल में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायर/फर्मों हेतु ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। बिड का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | बिड नम्बर एवं जारी दिनांक | सामग्री/कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2023/ B/3985493 | स्वच्छता सामग्री BLACK PHENYL, WHITE PHENYL, DELTA FOG OIL, CRESOLIC POWDER, MALATHION POWDER, GERM KILL OIL, HERBAL FOG OIL | 01 माह 10,00,000=00 | 10,000=00 | दिनांक 05-10-2023 समय 14:00:00 |

नोट -बिड से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://gem.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बनगवां (राजनगर), जिला-अनूपपुर (म. प्र.)**

## इंडियन बैंक Indian Bank

## इलाहाबाद ALLAHABAD

### विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जैसा है जहाँ है''**, **''जैसा है जो है''**, और **''जो कुछ भी है ''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः (1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम एवं पता | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रीवा सिविल लाईन- यूनिवर्सिटी रोड, अंगूरी बिल्डिंग | **ऋणी- 1. मेसर्स सांई एग्रीकोन (प्रोपराइटरशिप फर्म) (प्रोपराईटर श्री सुरेन्द्र पटेल),** गुलाब गेट के सामने, एन.एच.- 7, समन, रीवा (म.प्र.) **प्रापराइटर/बंधककर्ता- 2. श्री सुरेन्द्र पटेल पिता श्री तेजभान सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट- खजुआकला, तहसील- गुड़, जिला- रीवा (म.प्र.) **जमानतदार/बंधककर्ता- 3. श्री पुष्पेन्द्र सिंह पिता श्री अमोला सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट- खजुआकला, तहसील- गुड़, जिला- रीवा (म.प्र.) **जमानतदार/बंधककर्ता- 4. श्रीमति सुनीता सिंह पत्नि श्री पुष्पेन्द्र सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट- खजुआकला, तहसील- गुड़, जिला- रीवा (म.प्र.) | सम्पत्ति 1- सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी श्री पुष्पेन्द्र सिंह पिता श्री अमोला सिंह, स्थित खसरा नं. 273/15, एरिया- 2475 वर्गफुट, स्थित मौजा- रतरा 540, पटवारी हल्का समन, रीवा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (सेल डीड नं. 4300 दिनांक 10.02.1992)। चतुर्सीमा- उत्तर- 15 फुट अर्द्धनिर्मित रोड, दक्षिण- श्याम किशोर की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- 15 फुट अर्द्धनिर्मित रोड। Property ID No. IDIB50210134591 | 29-05-2021 24-02-2022 Rs. 1,04,70,946.72 + ब्याज 29.05.2021 से एवं अन्य खर्च | Rs. 45,00,000/- Rs. 4,50,000/- Rs. 50,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री निर्मल कुमार पात्रा 7609918907 |
| | | | सम्पत्ति 2- सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी श्रीमति सुनीता सिंह पत्नि श्री पुष्पेन्द्र सिंह, स्थित खसरा नं. 519/109, एरिया- 1417.5 वर्गफुट, स्थित मौजा- रतरा 540, पटवारी हल्का समन, रीवा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (सेल डीड नं. 5231 दिनांक 14.12.2006)। चतुर्सीमा- उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि, पूर्व- गनेश पाण्डेय की भूमि, पश्चिम- 25 फुट रोड नाले के साथ। Property ID No. IDIB502101345911 | | Rs. 48,00,000/- Rs. 4,80,000/- Rs. 50,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री निर्मल कुमार पात्रा 7609918907 |
| | | | सम्पत्ति 3- सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी श्री पुष्पेन्द्र सिंह पिता श्री अमोला सिंह, स्थित खसरा नं. 273/18, एरिया- 3380 वर्गफुट, स्थित मौजा- रतरा 540, पटवारी हल्का समन, रीवा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (सेल डीड नं. 12293 दिनांक 20.03.2013)। चतुर्सीमा- उत्तर- कमलेश्वर सिंह का मकान, दक्षिण- गयाचरण बाजपेई की भूमि, पूर्व- 15 फुट चौड़ी रोड एवं पटेल जी का मकान, पश्चिम- गयाचरण बाजपेई की भूमि। Property ID No. IDIB502101345912 | | Rs. 30,25,000/- Rs. 3,02,500/- Rs. 25,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री निर्मल कुमार पात्रा 7609918907 |
| | | | सम्पत्ति 4- सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी श्री सुरेन्द्र सिंह पिता श्री तेजभान सिंह, स्थित खसरा नं. 1243 एवं 1337, प्लाट नं.- 260, एरिया- 2400 वर्गफुट स्थित ब्लॉक नं. 27, सेक्टर-2, ग्राम- अनंतपुर, पटवारी हल्का बोदा रीवा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा (सेल डीड नं. 2010 दिनांक 19.07.2013)। चतुर्सीमा- उत्तर- प्लाट नं. 176, दक्षिण- 30 फुट चौड़ी रोड, पूर्व- प्लाट नं. 367, पश्चिम- प्लाट नं. 261 Property ID No. IDIB502101345913 | | Rs. 58,25,000/- Rs. 5,82,500/- Rs. 50,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री निर्मल कुमार पात्रा 7609918907 |
| 2 | रीवा सिविल लाईन- यूनिवर्सिटी रोड, अंगूरी बिल्डिंग | **ऋणी- 1. श्री संजय गुप्ता पिता श्री एस.एन.गुप्ता,** वेंकट बटालियान रोड, चौरसिया नर्सिंग होम के पास, हुजूर, रीवा- 486001 **जमानतदार- 2. श्री राकेश गुप्ता पिता श्री एस.एन. गुप्ता,** वेंकट बटालियान रोड, चौरसिया नर्सिंग होम के पास, हुजूर, रीवा- 486001 **जमानतदार- 3. श्रीमति सुनीता गुप्ता पत्नि श्री संजय गुप्ता,** वेंकट बटालियान रोड, चौरसिया नर्सिंग होम के पास, हुजूर, रीवा- 486001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय प्लाट एवं मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्री संजय गुप्ता पिता श्री एस.एन. गुप्ता, स्थित खसरा नं. 806/6 एवं 806/6/क, कुल एरिया- 1744 वर्गफुट, मौजा- रीवा 553, वार्ड नं. 24, अर्जुन नगर के बाजू में, ईसीआई स्कूल के पीछे, बवेली मंदिर के पास, एमपीईबी ऑफिस की बाऊंड्री के पीछे, प.ह.नं- रीवा, आर.आई. सर्किल- रीवा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा। चतुर्सीमाः उत्तर- एम.पी.ई.बी. ऑफिस, दक्षिण- अमित गुप्ता का प्लाट, पूर्व- ई.सी.आई. स्कूल, पश्चिम- 10 फुट रोड। Property ID No. IDIB50273253505 | 19-05-2023 24-08-2023 Rs. 13,45,188/- + ब्याज 19.05.2023 से एवं अन्य खर्च | Rs. 58,00,000/- Rs. 5,80,000/- Rs. 50,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री निर्मल कुमार पात्रा 7609918907 |
| 3 | उमरी- सिविल चौराहा के पास, राजेन्द्र नगर | **ऋणी- 1. मेसर्स वैष्णवी ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन (प्रोपराइटरशिप फर्म) (प्रोप. श्री सतेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री जगत बहादुर सिंह),** वॉटर टैंक के पास, सिद्धार्थ नगर, बिरला रोड, रघुराज नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 **प्रोपराइटर/ बंधककर्ता- 2. श्री सतेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री जगत बहादुर सिंह,** वॉटर टैंक के पास, सिद्धार्थ नगर, बिरला रोड, रघुराज नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 **जमानतदार- 3. श्री लखन प्रताप सिंह पिता श्री जगत बहादुर सिंह,** पता- वॉटर टैंक के पास, सिद्धार्थ नगर, बिरला रोड, रघुराज नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 | सम्पत्ति के सभी-भू भाग सम्पत्ति स्वामी श्री सतेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री जगत बहादुर सिंह, अराजी नं. 196/1/1 ध/2, एरिया 2200 वर्गफुट स्थित कोलगांव, वार्ड नं. 9, तहसील रघुराज नगर, जिला सतना (म.प्र.)। चतुर्सीमा- उत्तर- कुशवाहा की सम्पत्ति, दक्षिण- रोड, पूर्व- दिनेश शुक्ला की सम्पत्ति, पश्चिम- शुक्ला की सम्पत्ति। Property ID No. IDIB50314179659 | 19-10-2022 10-05-2023 Rs. 40,15,322/- + ब्याज 19.10.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 37,53,000/- Rs. 3,75,300/- Rs. 50,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री आशीष सिंह 9919961949 |
| 4 | कटनी मेन- मेम रोड कटनी, सुभाष चौक के पास, कटनी | **ऋणी/बंधककर्ता- 1. श्रीमति सपना गौतम पत्नि श्री अश्विनी गौतम,** पता- 1. मकान नं.- 109, मेन रोड, ग्राम- पिपरोंदा, कटनी- 483442 पता- 2. मकान नं. ईडब्ल्यूएस- 09, जैन मंदिर के पा, शांति नगर हाऊसिंग बोर्ड, मुड़वारा कटनी- 48350 **सह- ऋणी- 2. श्री अश्विनी गौतम पिता श्री देवता दीन गौतम,** पता- 1. मकान नं.- 109, मेन रोड, ग्राम- पिपरोंदा, कटनी- 483442 पता- 2. मकान नं. ईडब्ल्यूएस- 09, जैन मंदिर के पा, शांति नगर हाऊसिंग बोर्ड, मुड़वारा कटनी- 48350 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति सपना गौतम पत्नि श्री अश्विनी गौतम, स्थित खसरा नं 95 एरिया- 0.040 हेक्टे. एवं खसरा नं. 216/3/3, एरिया 0.049 हेक्टे. कुल एरिया 0.089 हेक्टे. या 9678 वर्गफुट स्थित ग्राम- पहाड़ी, एन.बी. 211, प.ह.नं. 49 (नया 57), आर.आई. सर्किल- पहाड़ी, रेल्वे स्टेशन के पास (पूर्व साईड), तहसील एवं जिला- कटनी (म.प्र.) (सेल डीड नं. 2784, बुक नं. ए-1, वॉल्यूम नं. 5459, पेज नं. 103 से 107, दिनांक 25.09.2006), चतुर्सीमा- उत्तर- 20 फुट चौड़ी रोड, दक्षिण- 5 फुट चौड़ी कुलिया (पैसेज), पूर्व- प्लाट नं. 23 की बची हुई भूमि, दालचंद जायसवाल का मकान, पश्चिम- प्लाट नं. 22 एवं 23 की बची हुई भूमि, सुभद्रा देवी जैन का मकान। Property ID No. IDIB50419774456 | 31-01-2023 12-05-2023 Rs. 32,15,471/- + ब्याज 31.01.2023 से एवं अन्य खर्च | Rs. 29,20,000/- Rs. 2,92,000/- Rs. 25,000/- दि. 27-10-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | श्री संतोष कुमार नायक 8056170076 |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 27/10/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक,**
**ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

**दिनांकः 23/09/2023, स्थान- आंचलिक कार्यालयः द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना (म.प्र.)**

**प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) दमोह संभाग दमोह

Email-eepwddamoh@mp.nic.in Phone 07812-221405

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 12/2023-24/ दमोह दिनांक-19/09/2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_PWDRB_ 309227 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अंतर्गत मद्य भाण्डागार दमोह का मरम्मत कार्य। | दमोह | 15.69 | 31380.00 | 2000.00 | 03 माह (द्वितीय आमंत्रण) |
| 2. | 2023_PWDRB_ 309228 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अंतर्गत पुराना जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हाल/बरामदा एवं शौचालय का मरम्मत कार्य। | दमोह | 8.74 | 17480.00 | 2000.00 | 03 माह (द्वितीय आमंत्रण) |
| 3. | 2023_PWDRB_ 309229 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई/पुताई कार्य। | दमोह | 17.50 | 35000.00 | 2000.00 | 03 माह (प्रथम आमंत्रण) |
| 4. | 2023_PWDRB_ 309230 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अंतर्गत न्याय विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | दमोह | 17.50 | 35000.00 | 2000.00 | 03 माह (प्रथम आमंत्रण) |
| 5. | 2023_PWDRB_ 309231 | मुख्यालय उपसंभाग दमोह के अंतर्गत विभिन्न विभागों के डिपाजिट कार्य एवं विश्राम गृह/विश्राम भवन/ व्ही.आई.पी. आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | दमोह | 17.50 | 35000.00 | 2000.00 | 03 माह (प्रथम आमंत्रण) |

1. निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेंट बेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य आन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन दिनांक 21/09/2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 06/10/2023 समय 5.30 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) दमोह संभाग दमोह, मो.नं. 9826503561**

G-20006/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट

**ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण**

बालाघाट जिले के विकासखण्डों के ग्रामों में 150 एम.एम. डाया के साधारण नलकूप खनन कार्य की मुहरबंद निविदा प्रपत्र 'अ 2.10' ( प्रतिशत दर ) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| ई- टेंडरिंग पद्धति क्रमांक | निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनु. लागत ( राशि रु. लाख में ) | धरोहर राशि ( अर्नेस्ट मनी ) रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में ) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PHED_309266_1 | 91/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |
| 2023_PHED_309267_1 | 92/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309268_1 | 93/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309269_1 | 94/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309270_1 | 95/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309271_1 | 96/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309274_1 | 97/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309275_1 | 98/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |
| 2023_PHED_309276_1 | 99/19.09.2023 | 36.35 | 72710/- | 5000/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

नोटः 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल ( http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें। 2. 'निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेंगे' निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाईट पर भुगतान कर केवल ऑन लाइन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)**

G-20044/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# अभिमत

*विगत एक दशक में सिख चरमपंथ लंदन, पाकिस्तान से लेकर उत्तर अमेरिका तक अपनी जड़ें गहरी कर गया है, उसकी ज़िम्मेदारी देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार क्यों नहीं लेते? देश के गृहमंत्री भी नहीं स्वीकारते कि सिख अतिवाद को जड़ से मिटाने में हम विफल रहे हैं। चार-छह कौवे मारकर टांग दो, तो अतिवाद समाप्त हो जाएगा, ऐसा कोई रणनीतिकार सोचता है, तो अपने नेतृत्व को भ्रम में रखता है। इस पूरे प्रकरण में ट्रूडो जैसा शातिर प्रधानमंत्री कोई भी खेल कर सकता है।*

## बात बिगड़ेगी तो फ़िर दूर तलक जाएगी

4



पुष्परंजन

**जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस खेल में जो बाइडेन प्रशासन को भरोसे में ले लिया है, जो उल्टा भारत को सहयोग देने की नसीहत दे रहे हैं। 18 जून को सिख चरमपंथी निज्जर की हत्या हुई। कोई खुफिया इनपुट नहीं। सब कुछ हवा-हवाई। क्या यह संभव नहीं कि स्वयं जस्टिन ट्रूडो ने इस हाई प्रोफाइल खेल को रचा हो?**

जून 2023 की बात है। कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने 5 किलोमीटर लंबी एक परेड निकाली थी। छह जून 2023 को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी थी। मगर, उससे दो दिन पहले 'शोभा यात्रा' निकालकर माहौल गर्माने का प्रयास किया गया था। इस शोभा यात्रा में एक चलती हुई गाड़ी पर इंदिरा गांधी की हत्या का दृश्य दिखाया गया था। इसमें खून से सनी साड़ी पहने हुए इंदिरा गांधी का एक पुतला था। दो सिख जवानों के पुतले इंदिरा गांधी के पुतले पर गोलियां बरसाते दिख रहे थे। उस झांकी में एक पोस्टर भी लगाया गया था जिसमें लिखा था, 'दरबार साहिब पर हमले का बदला।'

8 जून 2023 को विदेशमंत्री एस. जयशंकर इस आपत्तिजनक झांकी के हवाले से कनाडा के विरूद्ध कड़ा प्रतिरोघ व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां बड़ा मुद्दा कनाडा की जमीन का भारत विरोधी चीजों के लिए इस्तेमाल का है। उन्होंने कहा कि भारत विरोध के लिए कनाडा का इस्तेमाल होना, न हमारे रिश्तों के लिए ठीक है, और न उनके लिए ठीक है। एस. जयशंकर ने एक दायित्व बोध के साथ इस विषय को उठाया था। हमारे मतभेद चाहे जितने रहे हों, मगर देश के पूर्व प्रधानमंत्री का इस तरह अपमान क्यों कोई भारतीय बर्दाश्त करे। जयशंकर ने जो किया, उसकी सराहना होनी चाहिए। लेकिन इस समय भारत और कनाडा के बीच जो कुछ चल रहा है, इंडिया गठबंधन को अपनी स्थिति साफ कर देनी चाहिए।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉडी थॉमस ने एक बयान में कहा था कि, भारत उनके देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है। वो कौन से आतंरिक मामले हैं? जस्टिन ट्रूडो की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को स्पष्ट कर देना चाहिए था। आप अतिवाद को ऊर्जा दो, और उल्टा चोर कोतवाल की तरह व्यवहार करो। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपनी कुर्सी 2025 चुनाव तक बचानी है। पूरे देश का ध्यान उन्होंने बांट लिया है।

जस्टिन ट्रूडो के साथ मुश्किल यह है कि सरकार को सुचारू रूप से चलाने की बजाय देश का ध्यान भटकाने के लिए कभी चीन से, तो कभी भारत से कूटनीतिक संबंध बिगाड़ने में लगे हुए हैं। अक्टूबर 2025 तक सत्ता में बने रहने के लिए जस्टिन ट्रूडो एक कठपुतली प्रधानमंत्री की भूमिका में हैं। सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी को 338 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमंस में 170 सभासदों का समर्थन चाहिए। 2019 के आम चुनाव परिणाम के समय न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के लीडर जगमीत सिंह किंग मेकर की भूमिका में अवतरित हुए थे। उनके कहने पर ही 18 सिख सांसदों ने जस्टिन ट्रूडो को प्रधानमंत्री स्वीकार किया था। 22 मार्च 2022 को दूसरे आम चुनाव में भी यही सीन था। एक बार फिर सिख सांसदों ने ट्रूडो की कठपुतली सरकार को समर्थन दे दिया। चार साल की यह मियाद 20 अक्टूबर 2025 को पूरी होगी।

ट्रूडो ने हालिया बयान में कहा भी था कि हम 'सप्लाई एंड कान्फिडेंस' की नीतियों के साथ एनडीपी से अपने संबंध निर्वाह कर रहे हैं। कनाडा की घरेलु राजनीति में स्थिरता के लिए सिख सांसदों का समर्थन ही एकमात्र विकल्प है। ठीक से देखा जाए तो भारतीय लोकसभा से कहीं अधिक सिख सांसद कनाडा में हैं। लोकसभा में 13 तो कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 18 सिख सांसद हैं।

सबसे दुखद पहलू यह है कि खालिस्तान की आवाज को बुलंद कराने में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पूरा समर्थन है। दो साल पहले खालिस्तान पर मतसंग्रह को लेकर जस्टिन ट्रूडो ने बाकायदा बयान दिया कि खालिस्तान के वास्ते मतसंग्रह जब तक शांतिपूर्ण है, हम उन्हें ऐसा करने से रोक नहीं सकते। यह कनाडा के क़ानून द्वारा प्रदत अधिकार है कि किसी विषय पर आप मत संग्रह करा सकते हैं। फ्री स्पीच, असेंबली कनाडा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है। कनाडा सरकार अखंड भारत के अस्तित्व को स्वीकार करती है। हमने अपने पोजिशन में कोई बदलाव नहीं किया है। हम किसी एडवोकेसी ग्रुप द्वारा मतसंग्रह को मान्यता नहीं देते, मगर हम उन्हें ऐसा करने से रोक नहीं सकते हैं।

थोड़ी देर के वास्ते मान लिया कि कनाडा के प्रधानमंत्री अपने देश के क़ानून को लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन एक उदाहरण के हवाले से वह अपने कुतर्क में ख़ुद फंस जाएंगे। ओंटारियो गुरूद्वारा कमेटी बाकायदा आदेश जारी करती है कि हमारे धर्मस्थलों, ख़ुसूसन ब्रैम्प्टन के गुरूद्वारों में दूतावास या भारत सरकार का कोई अधिकारी प्रवेश नहीं करेगा। अब कोई जस्टिन ट्रूडो से पूछे कि कनाडा की धरती पर यह आदेश कैसे लागू हो सकता है?

टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के आगे जो कुछ उपद्रव हुआ उसके पीछे की कथा यह है कि ओंटारियो के अंतर्गत आने वाले केल्डोन शहर में किसी इंडो-कैनेडियन नागरिक ने भिंडरावाला का बैनर फाड़ दिया था, जिसे बाद ने पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इस घटना की प्रतिक्रिया में कोई पांच सौ सिखों का हुजूम टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के आगे प्रदर्शन करने पहुंच गया। उनका आरोप था कि यह सब दूतावास के उकसावे पर हुआ है। वो बोल रहे थे, 'जनरैल सिंह भिंडरावाला शहीद हैं, संत हैं, खालिस्तान आंदोलन के आइकॉन हैं, हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।' इस तरह का कांड करके उत्तर अमेरिका में हिंदू-सिखों को विभाजित करने की चेष्टा पहले से हो रही है, इस सच से हम इंकार नहीं कर सकते। ऐसे खेल में न सिर्फ़ प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो व उनके शैदाई सिख सांसद शामिल हैं, बल्कि पाकिस्तान का दूतावास भी अहम भूमिका अदा कर रहा है।

यह एक ख़तरनाक पहलू है कि इस इलाके में रहने वाले भारतवंशियों को बांटने की साजिश चल रही है। 2021 में प्रवासी भारतीयों के बारे में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई कि विदेश रहने वाले भारतीयों की संख्या 18 करोड़ है। हर साल प्रवासी भारतीयों की संख्या में दस लाख का इजाफा होता गया है। 2010 से 'एनआरआई-पीआईओ' की आबादी में 17. 2 प्रतिशत की दर से बढ़त हो रही है। ये कहने को प्रवासी हैं, मगर इनमें खेमे बंटे हुए हैं। एक, भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का समर्थक और दूसरा विरोधी। कुछ ऐसे भी हैं, जो इस खेमेबाजी से दूर अपने काम और परिवार से सरोकार रखते हैं।

इंडियन डायसपोरा में यह खेमेबाजी मई 2014 के बाद से व्यापक रूप से दिखी है। जो लोग दुनियाभर में डायसपोरा को मॉनिटर करते हैं, उन्हें भी इस नये ट्रेंड पर हैरानी है। आज की जमीनी हकीकत यह है कि उत्तर अमेरिका जैसे इलाक़े में धर्म, समुदाय, प्रांतवाद के आधार पर एनआरआई-पीआईओ देश में मौजूदा नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा बदलने लगे हैं। क्या इसके लिए दोषी वो लोग नहीं हैं, जो भारतीय विदेश नीति तय करते हैं। यदि पीएम मोदी के भाषणों में प्रतिपक्ष पर कटाक्ष विदेशी मंचों पर होता है, तो भारतीय समुदाय में विभाजन का दोषी कौन है?

विगत एक दशक में सिख चरमपंथ लंदन, पाकिस्तान से लेकर उत्तर अमेरिका तक अपनी जड़ें गहरी कर गया है, उसकी ज़िम्मेदारी देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार क्यों नहीं लेते? देश के गृहमंत्री भी नहीं स्वीकारते कि सिख अतिवाद को जड़ से मिटाने में हम विफल रहे हैं। चार-छह कौवे मारकर टांग दो, तो अतिवाद समाप्त हो जाएगा, ऐसा कोई रणनीतिकार सोचता है, तो अपने नेतृत्व को भ्रम में रखता है। इस पूरे प्रकरण में ट्रूडो जैसा शातिर प्रधानमंत्री कोई भी खेल कर सकता है। 2018 में कनाडा की खुफिया सेवा के हवाले से सरकार ने पांच सिख अतिवादियों की सूची जारी करते हुए सचेत किया था कि ये देश के लिए ख़तरा हैं। अब भी कनाडा सरकार की 'पब्लिक सेफ्टी' वेबसाइट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई), इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसवाईएफ) बतौर आतंकी संगठन सूचीबद्ध हैं।

क्या बीकेआई और आईएसवाईएफ के सदस्य कनाडा के ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान समर्थकों की रैलियों में होते हैं? जस्टिन ट्रूडो सरकार को चाहिए कि सही तरह गेहूं में घुस आये घुन को खोज ले। ये घुन इस देश के लिए कभी भी ख़तरनाक साबित हो सकते हैं। कनाडा और अमेरिका में जिस तरह का भारत-विरोधी उत्पात होता है, उनमें सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का नाम सबसे आगे दीखता है।

न्यूयार्क में 'एसएफजे' सरगना गुरूपतवंत सिंह पन्नू का मुख्यालय है। तो क्या जो बाइडन प्रशासन खालिस्तान की रचना के वास्ते पन्नू जैसे लोगों की आर्थिक-राजनीतिक मदद कर रहा है? यह सवाल अमेरिकी दूतावास से दिल्ली में कोई नहीं पूछता। आप जी-20 के हवाले से जो बाइडेन का गुणगान और गुडी-गुडी करते रहिए लेकिन अतिवाद के आका के बारे में अमेरिकी प्रशासन से सवाल करने की हिमाक़त मत कीजिए। इसी आतंक के आका गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी किया है कि जो प्रवासी भारतीय खालिस्तान का समर्थन नहीं करते, वो कनाडा छोड़ दें। दो दिन बाद कनाडा का सुरक्षा विभाग जगा, और बयान दिया कि कनाडा में नफरत या डर पैदा करने वाले बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे।

सबसे दिलचस्प है कि न्यूयार्क के कोर्ट में आरएसएस को आतंकी संगठन घोषित करने का एक मुकदमा 'सिख फॉर जस्टिस' नामक संगठन ने दायर कर रखा था। अब मोदी सरकार के पास रीढ़ ही नहीं है कि जो बाइडेन प्रशासन से कहकर गुरपतवंत सिंह पन्नू का प्रत्यर्पण भारत कराये, तो हम-आप क्या कर सकते हैं? हिंदू स्वयंसेवक संघ भी शेर का प्रतीक चिह्न लगाकर प्रसन्न होता रहे। जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस खेल में जो बाइडेन प्रशासन को भरोसे में ले लिया है, जो उल्टा भारत को सहयोग देने की नसीहत दे रहे हैं। 18 जून को सिख चरमपंथी निज्जर की हत्या हुई। कोई खुफिया इनपुट नहीं। सब कुछ हवा-हवाई। क्या यह संभव नहीं कि स्वयं जस्टिन ट्रूडो ने इस हाई प्रोफाइल खेल को रचा हो?

**pushpr1@rediffmail.com**

### बीता सप्ताह

**16 सितंबर**
- चद्रयान-1 आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी के उच्च ऊर्ज वाले इलेक्ट्रान चंद्रमा पर पानी बना रहे हैं।
- कश्मीर के अनंत नाग में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया।
- लखनऊ उत्तरप्रदेश में एक मकान की छत गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई।
- केंद्र सरकार ने देशभर में सैनिक स्कूल खोलने की मंजूरी दी।

**17 सितंबर**
- महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद, उस्मानाबाद शहर का नाम बदलकर संभाजी नगर और सदाशिव कर दिया।
- अनंत नाग बारामुल्ला में सैनिकों ने आतंकियों के साथ जंग जारी रखी तथा 3 आतंकियों को ढेर कर दिया।
- उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने अपनी रूस यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए।
- भारत के नए संसद भवन में 18 सितंबर से विशेष सत्र का शुभारंभ हुआ।

**18 सितंबर**
- श्रीलंका को 10 विकेट से हरा कर भारत एशिया का आठवीं बार एशिया कप चैंपियन बना।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 18 सितंबर से दो दिवसीय जी-20 की बैठक प्रारंभ हुई।
- न्यायमूर्ति फैज़ा इसा पाकिस्तान के 21वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली।
- टेक्सास के अटार्नी जनरल केन पेक्सरन भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी हो गए।

**19 सितंबर**
- केंद्र सरकार की केबिनेट की बैठक में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी दी गई।
- इसरो ने सौर वेघशाला के बारे में जानकारी दी कि आदित्य एल-1 ने वैज्ञानिक टेडा एकत्र करना शुरु कर दिया।
- 20 वें चीन आसियान एक्सपो का हस्ताक्षर समारोह नाननिंग शहर में आयोजन शुरु हुआ।
- पाकिस्तान करांची की निवासी एरिका रॉबिन ने मिस यूनिवर्स पाकिस्तान -23 का खिताब जीता।

**20 सितम्बर**
- लोकसभा के विशेष सत्र में भाजपा सरकार ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पेश किया।
- छत्तीसगढ़ में जी-20 की दो दिन की बैठक का समापन विश्व अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों के चिंतन से हुआ।
- जस्टिस टूडो के आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या में भारत सरकार भूमिका के आरोप के जवाब में भारत सरकार ने कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया।
- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक्सिस बैंक में 7 करोड़ की डकैती मेनेजर को चाकू मारकर की गई।

**21 सितम्बर**
- महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास हुआ। समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े।
- 1984 के सिख दंगों के मामले में जेल में बंद कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को बरी कर दिया गया।
- भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज।
- महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे के भीतर साठ किसानों ने आत्महत्या कर ली।

**22 सितम्बर**
- महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास, विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा।
- लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक व चार पार्टनर के ठिकानों पर आईटी का छापा।
- चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी, आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं।
- चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा की गई।

## लोकसभा सदस्य गीता मुखर्जी ने की थी महिला आरक्षण विधेयक की शुरुआत

■ बिनॉय विश्वम

काफी लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण बिल संसद से पास हो गया है। जो कोई भी महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के लिए संघर्ष के इतिहास के बारे में जानता है, वह जीत के इस क्षण में कॉमरेड गीता मुखर्जी को याद करेगा। वह अविस्मरणीय कम्युनिस्ट नेता और महिलाओं के अधिकारों के लिए एक सतत सेनानी थीं, जिन्होंने महिला विधेयक को पारित करने को एक जीवन मिशन के रूप में लिया।

वह एक सच्ची कम्युनिस्ट थीं जिनका मानना था कि देश की महिलाओं की मुक्ति के बिना भारतीय क्रांति के कार्य पूरे नहीं हो सकते। संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं की तैंतीस प्रतिशत भागीदारी उस दिशा में पहला कदम है। उस पहले कदम को पूरा करने के लिए भी, देश की लोकतांत्रिक ताकतों को दशकों तक लगातार लड़ाई लड़नी पड़ी। विधेयक का पारित होना महिला संगठनों और अन्य लोकतांत्रिक ताकतों के भविष्य के संघर्षों के लिए एक प्रेरणा होगी।

भाजपा सरकार देश में महिला सशक्तिकरण की चैंपियन बनने की कोशिश कर रही है। उनके सभी प्रचार उपाय इसी के अनुरूप हैं और वे प्रचार करते हैं कि नरेंद्र मोदी महिलाओं के अधिकारों के योद्धा हैं। चलाये जा रहे ऐसे प्रचार के विपरीत, सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने के प्रति बिल्कुल भी ईमानदार नहीं हैं। वे वैचारिक और राजनीतिक तौर पर महिला सशक्तिकरण के पक्ष में नहीं हैं। उनका आरएसएस द्वारा नियंत्रित एक पुरुषवादी संगठन है जिसमें महिलाओं को प्राथमिक सदस्यता से भी वंचित रखा जाता है। उनकी विचारधारा मनुस्मृति द्वारा निर्देशित है, जो 'न स्त्री स्वतंत्रयंअर्हति' (महिलाओं को स्वतंत्र नहीं होना चाहिए) का उपदेश देती हैं। अचानक, उनकी सरकार नारी शक्ति की पैरोकार बन गई और इस विधेयक के साथ उसे ताज पहनाना चाहती थी। चुनावी मजबूरियां भाजपा के अंदर वैचारिक प्रतिबद्धता पर हावी हो रही थीं। अन्यथा, वे इस विधेयक को शुरू करने के लिए 2014 से 2023 तक नौ साल की लंबी अवधि को कैसे उचित ठहरा सकते हैं?

महिला आरक्षण विधेयक की विषयवस्तु को 1996 में संयुक्त मोर्चा सरकार द्वारा आकार दिया गया था, जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी महत्वपूर्ण पदों पर थी। तब ओबीसी के लिए आरक्षण को लेकर मतभेद के कारण इसे पारित नहीं किया जा सका था। इस हेतु गीता मुखर्जी के नेतृत्व में एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया। हालांकि इसने रिकॉर्ड समय में अपनी रिपोर्ट पेश की, लेकिन यह कदम आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि विधेयक लोकसभा के विघटन के साथ समाप्तअवधि वाला हो गया था।

वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में इस मामले में कोई खास प्रगति नहीं हुई। यूपीए-1, जिसमें वामपंथी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने मामले को गंभीरता से लिया और महिला आरक्षण विधेयक को न्यूनतम साझा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान मिला। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली इस सरकार के दौरान, विधेयक 6 मई, 2008 को पेश किया गया था। स्थायी समिति की जांच के बाद, राज्यसभा ने 9 मार्च, 2010 को विधेयक पारित कर दिया। उस समय से, राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण इस विषय में कोई गंभीर विकास नहीं हुआ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी ताकतें हमेशा महिला आरक्षण विधेयक के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रही हैं और उन्होंने देश में प्रगतिशील महिला आंदोलन के साथ-साथ अपना संघर्ष जारी रखा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) इस संघर्ष को जनहित याचिका के रूप में 2021 में सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। इस महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी कड़ा रुख अपनाया और सरकार को आगाह किया कि अगर विधेयक को लागू करने में और देरी की गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

> **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और वामपंथी ताकतें हमेशा महिला आरक्षण विधेयक के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध रही हैं और उन्होंने देश में प्रगतिशील महिला आंदोलन के साथ-साथ अपना संघर्ष जारी रखा है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) इस संघर्ष को जनहित याचिका के रूप में 2021 में सुप्रीम कोर्ट तक ले गया। इस महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने भी कड़ा रुख अपनाया।**

2024 के आने वाले लोक सभी चुनावों के साथ-साथ, विभिन्न कारकों ने भाजपा सरकार को कानून के साथ आगे आने के लिए मजबूर किया। हालांकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मोड़ है, लेकिन भाजपा इसके कार्यान्वयन के प्रति बिल्कुल भी ईमानदार नहीं है। आगामी जनगणना और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के नाम पर, सरकार ने इसके कार्यान्वयन को किसी और समय के लिए विलंबित करने का प्रयास किया है। इसका विरोध किया जाना चाहिए। देश की लोकतांत्रिक ताकतों ने सरकार से आग्रह किया कि महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा लोकसभा के भंग होने के बाद ही अविलंब लागू किया जाये।

पंचायतों और स्थानीय शहरी निकायों में कुल सीटों में से एक तिहाई (33प्रतिशत) में आधी पर ही महिलाओं के लिए आरक्षण के अनुभव ने हमें दिखाया है कि शासन में महिलाओं को आरक्षण देने से कैसे सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। हमारे राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन के लिए यह लैंगिक-समावेशी राजनीति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का ईंधन होना चाहिए। वर्तमान अधिनियम का दायरा राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और परिषदों के साथ-साथ सभी केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं तक बढ़ाया जाना चाहिए। कानून बनाने वाली संस्थाओं में ओबीसी और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण एक सार्थक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है।

गीता मुखर्जी समिति की रिपोर्ट में भी इस पहलू का जिक्र किया गया है। भाजपा के मंच प्रबंधक, जो अब इस अधिनियम के बारे में शेखी बघार रहे हैं, ने आज तक कभी भी ऐसे महत्वपूर्ण सवालों पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। उनकी एकमात्र चिंता नारी शक्ति के नाम पर सत्ता पर कब्ज़ा करना है। महिलाओं के साथ सत्ता साझा करना और सामाजिक न्याय का सम्मान उनके राजनीतिक और वैचारिक एजेंडे में शामिल नहीं है। उन्हें जनता के सामने बेनकाब किया जाना चाहिए। जीत के इस पहले बिंदु से महिला सशक्तिकरण के संघर्ष को आगे बढ़ाना है। न्याय और मुक्ति के संघर्ष में कम्युनिस्ट महिलाओं और अन्य सभी लोकतांत्रिक ताकतों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

## भारत के लिए आसान नहीं है मुद्रास्फीति से लड़ना

अगस्त महीने के लिए भारत की आधिकारिक मुद्रास्फीति दर 6.83 प्रतिशत है जो पिछले महीने की दर से 7.44 प्रतिशत से नीचे है। यह अभी भी 6 प्रतिशत की अधिकतम दर से ऊपर है जो भारतीय रिजर्व बैंक की रेडलाईन है। जब से मौद्रिक नीति 2016 में मुद्रास्फीति लक्ष्य पर स्थानांतरित हुई है, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के लिए मुद्रास्फीति का स्वीकार्य बैंड 2 से 6 प्रतिशत के बीच है। पिछले बारह महीनों में यह सातवीं बार है जब मासिक मुद्रास्फीति दर 6 फीसदी से ऊपर है। क्या यह आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के लिए चिंताजनक नहीं होगा? उन्हें मुद्रास्फीति को कम करने के लिए धन की आपूर्ति और सख्त करने की आवश्यकता है लेकिन इस उम्मीद में कि मुद्रास्फीति अपने आप कम हो जाएगी उन्होंने ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का विकल्प चुना है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी संकेत दिया है कि मुद्रास्फीति कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी।

भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में उपभोग टोकरी में लगभग 450 विभिन्न वस्तुओं का भारित औसत शामिल है जो ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग है परन्तु इसका लगभग 49 प्रतिशत भोजन और संबंधित वस्तुओं में चला जाता है। इसलिए यदि खाद्य मुद्रास्फीति अधिक है तो स्वाभाविक रूप से समग्र मुद्रास्फीति अधिक होती है।

खाद्य मुद्रास्फीति जो लगभग 49 प्रतिशत है, वर्तमान में 10 प्रतिशत पर चल रही है। इसका कारण सब्जियों, तिलहनों, दालों, दूध और यहां तक कि अनाज की बढ़ती कीमतें हैं। भारत ने निर्यात पर प्रतिबंध लगाने या विभिन्न कृषि उत्पादों पर भारी निर्यात कर लगाने के संयोजन का उपयोग किया है। इनमें गेहूं, चावल, चीनी और प्याज शामिल हैं। यह उन किसानों की कमाई को प्रभावित करता है जो निर्यात से आकर्षक मुनाफे पर नजर रख रहे थे। उदाहरण के लिए भारत ने 2022 में 70.40 लाख टन उबला हुआ चावल निर्यात किया था लेकिन अब इस पर 20 फीसदी का जबरदस्त निर्यात शुल्क है। दुनिया के चावल निर्यात में भारत का हिस्सा 40 प्रतिशत है और भारत के प्रतिबंधों ने दुनिया में चावल की अतिरिक्त कमी पैदा कर दी है। भारत से निर्यात प्रतिबंधों ने चीन, फिलीपींस, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और नाइजीरिया जैसे आयातक देशों को प्रभावित किया है। फिलीपींस में चावल की भारी कीमतों के कारण एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ सकता है। क्या प्रतिबंध या निर्यात कर ने भारत में चावल की मुद्रास्फीति को कम कर दिया है? वास्तव में नहीं, क्योंकि स्पष्ट रूप से टूटे हुए चावल (जिस पर निर्यात कर लागू होता है) का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए हो रहा है। कारों के लिए ईंधन बनाने के लिए खाद्यान्न का उपयोग करना एक विवादास्पद नीति है, खासकर उस समय जब दुनिया उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का सामना कर रही है। फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन (एफएओ) का चावल मूल्य सूचकांक अगस्त में 9.8 प्रतिशत बढ़ा है और अब यह 15 साल के उच्च स्तर पर है। इस तरह भारत में महंगाई फैलनी तय है। इथेनॉल नीति कीमती डॉलर को बचाने की कोशिश से प्रेरित है जिसे हम कच्चे तेल के आयात पर खर्च करते हैं। तो भी अगर घरेलू खाद्य मुद्रास्फीति डॉलर भुगतान करने की कीमत है तो हमें ईंधन उत्पादन के लिए खाद्य फसलों का उपयोग करने के बारे में सावधानीपूर्वक सोचना होगा।

खाद्य मुद्रास्फीति से परे कच्चे तेल के बारे में हमारा नजरिया भी उच्च कीमतों की आशंका बढ़ाता है। रूस और सऊदी अरब द्वारा आपूर्ति में कटौती के कारण तेल की कीमतें पहले ही 85 डॉलर को पार कर गई हैं और ऊंची ही बनी रहेंगी। चूंकि यह भारत के आयात पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है इसलिए संभावना है कि भारतीय रुपया 83 से 85 तक गिर जाएगा। तेल आयात बिल को केवल सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाओं के उम्मीद से अधिक निर्यात से हराया जा सकता है। ऐसा कहना आसान है लेकिन इसे अमल में लाना कठिन है क्योंकि सॉफ्टवेयर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से मंदी नजर आ रही है। बेशक, भारत की सॉफ्टवेयर सेवाओं के लिए मध्यम से दीर्घकालिक दृष्टिकोण बहुत मजबूत बना हुआ है। उद्योग निकाय नैसकॉम द्वारा ऐसा ही संकेत दिया गया है।

खाद्य मुद्रास्फीति तेल की कीमतों और डॉलर की विनिमय दर में गिरावट के अलावा राजकोषीय घाटे का आकार मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति का प्रमुख योगदान है। भारत उच्च घाटे में चल रहा है और राष्ट्रीय ऋण भी बढ़ रहा है। घाटे को नियंत्रित करने के सभी प्रयास व्यर्थ प्रतीत होते हैं। बेशक, महामारी के दौरान घाटे को बढ़ाना पड़ा क्योंकि सरकार को मुफ्त भोजन, सब्सिडी वाले ऋण और पर्याप्त तरलता के रूप में आपातकालीन बचाव उपायों का उपयोग करना पड़ा लेकिन कुछ फैसलों से भौंहें तन सकती हैं। उदाहरण के लिए, 48 महीने से अधिक समय से चल रही मुफ्त खाद्यान्न योजना से सरकारी खजाने पर कुल 4.5 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के लिए मंत्रिमंडल ने हाल ही में 10.7 खरब रुपये के पुनरुद्धार पैकेज की घोषणा की। एक संसदीय प्रश्न के उत्तर के अनुसार पिछले 9 वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने लगभग 14.56 लाख करोड़ रुपये के खराब ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया है। इसके राजकोषीय निहितार्थ हैं क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा इक्विटी पूंजी बैंकों में डाली जानी है। बट्टे खाते में डालना एक कारक हो सकता है जिससे फंसे कर्ज का अनुपात कम होगा और बैंकिंग क्षेत्र की सेहत सुधरेगी लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि राजकोषीय खर्च बहुत बढ़ा हुआ है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ रहा है।



डॉ.अजीत रानाडे

> **भारत की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है।**

भारत की राजकोषीय स्थिति स्वीकार की गई स्थिति से कहीं अधिक गंभीर है। यदि हम ऋण सेवा अनुपात की तुलना करते हैं यानी सरकार के राजस्व का कितना हिस्सा कर्ज के बढ़ते पहाड़ जैसे ब्याज का भुगतान करने के लिए जाता है तो हम पाते हैं कि भारत का औसत सभी देशों के औसत से ऊपर है। उच्च घाटे के कारण ब्याज दर भी उच्च बनी रहती है जिससे आवास, अचल संपत्ति और वास्तव में सभी औद्योगिक परियोजनाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को नुकसान होता है। एक निश्चित सीमा को पार करने को अवैध बनाने की कोशिश करके भारत ने घाटे के खर्च की प्रवृत्ति को कम करने के बहुत प्रयास किए हैं। 2003 में संसद द्वारा पारित राजकोषीय उत्तरदायित्व कानून ने राजकोषीय घाटे की सीमा के रूप में सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से अधिक को अवैध बना दिया। फिर भी, हकीकत यह है कि ऐसा एक वर्ष भी नहीं है जब भारत ने इस सीमा को पार नहीं किया है। इसका नतीजा यह है कि राजकोषीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन कानून (फिस्कल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट लॉ- एफआरबीएम) दंतहीन हो गया है। महामारी से ठीक पहले कानून की समीक्षा की गई थी और इसका भी कोई खास फायदा नहीं है क्योंकि कर्ज और घाटे का स्तर अर्थव्यवस्था के लिए निर्धारित स्वस्थ स्तर से कहीं अधिक है।

यह सच है कि हंगामाखेज और प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र में मुखर समूहों और निहित स्वार्थों द्वारा अधिक खर्च करने की मांग की जा रही है। इसके शीर्ष पर मुफ्त की पेशकश करने की बढ़ती प्रवृत्ति है। इसके अलावा नई औद्योगिक नीति भी है जो उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और आयात से सुरक्षा जैसी योजनाएं प्रदान करती है। अच्छे हों या बुरे हों, इन सभी उपायों के राजकोषीय निहितार्थ हैं जो न केवल ऋण और राजकोषीय रुख की स्थिरता को खतरे में डालते हैं बल्कि मुद्रास्फीति के दबाव को भी बढ़ाते हैं। भारत के बारहमासी राजकोषीय प्रभुत्व और बोझ के बड़े और भारी वजन को केवल मौद्रिक नीति को कड़ा करके घटाया नहीं जा सकता है। यहां तक कि यह भी सहनशीलता दिखा रहा है। भारत के लिए मुद्रास्फीति की लड़ाई वास्तव में बहुत कठिन है।

*(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

# अविवाहित बहनों को भी मिलेगा लाड़ली बहना योजना का लाभ

## मुख्यमंत्री ने जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान किया ऐलान, पश्चिम एवं केंट विधानसभा में जनसभा






**जबलपुर,देशबन्धु।** भाजपा की सरकार आम लोगो को पीड़ा को समझती है इसीलिए हर वर्ग के लिए सरकार ने योजनाओ को बनाया है और जबलपुर की इस भूमि से मैं घोषणा करता हूँ कि 21 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी बहिने जो अविवाहित है उन्हें भी लाडली बहना योजना का लाभ मिलेगा, यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर की पश्चिम एवं केंट विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा यहां वो बच्चियां खड़ी हैं, अगले साल और बच्चे मेहनत करो, अगले साल साल आपको भी स्कूटी मिल जाएगी। उन्होंने कहा मैं सरकार नहीं चलता, परिवार चलाता हूँ।

मैंने बहनों के खाते में पैसे ही नही डाले बल्कि उन्हें सम्मान दिलवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कमलनाथ की जब सरकार बनी तो उन्होंने भाजपा की सरकार में बनी जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम किया था, रोते थे कि हमारे पास पैसा नहीं है। लेकिन मेरी बहनों और बच्चियों तुम्हारे मामा के पास योजनाओं के लिए बहुत पैसा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से 1 करोड़ 32 लाख रुपए डाले गए और जो हमारी बहना इस योजना के लाभ लेने से छूट गई हैं, उनके नाम भी योजना में शामिल कर लिए जाएंगे। लाड़ली बहिनों एवं उज्वला योजना की लाभार्थी बहिनों को 450 रुपये में में गैस सिलेंडर दिए जायेंगे।

## यात्रा के दौरान मार्ग में जननायक का स्वागत करने उमड़ा बहनों का सैलाब

मुख्यमंत्री ने कहा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो अब 33 प्रतिशत आरक्षण बिल अब सदन में पास करवा लिया है। अब महिलाओं को चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। और आने वाले समय मे हमारी लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं का नेतृत्व बढेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा सरकार ने विकास कार्य किया है। हिंदी में कमज़ोर गरीब परिवार के बच्चे डॉक्टर इंजीनियर नहीं बन पाते थे, लेकिन अब भाजपा सरकार मेडिकल और इंजीनियरिंग कि पढ़ाई अब हिंदी में करवाने का काम करेगी। नीट परीक्षाओं में सरकारी स्कूल के बच्चों को 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। मैंने अच्छा काम किया है तो आप सब संकल्प लें कि भाजपा सरकार को वोट दे कर विकास की सरकार को जिताएंगे। उन्होंने कहा एक ओर नरेंद्र मोदी भी देश के विकास के लिए कार्य कर रहे है और दूसरी ओर मैं आपकी सेवा में लगा हूँ और यह डबल इंजन की सरकार जनता जनार्दन के उत्थान के लिए कोई कसर नही छोड़ेगी।

**संकटमोचन का आशीर्वाद लेकर यात्रा**

जबलपुर महानगर की पश्चिम एवँ केंट विधानसभा में जनआशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनआशीर्वाद यात्रा गौतम जी की मढिया स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर किया। मंदिर में मुख्यमंत्री जी के साथ, सांसद राकेश सिंह, केबिनेट मंत्री हरदीप सुसिंह डंग, नगर अध्यक्ष प्रभात साहु, यात्रा सह प्रभारी अभिलाष पाण्डेय शामिल रहे।

यात्रा के प्रारंभ में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आम सभा भी की। पश्चिम विधानसभा में आयोजित आमसभा में 6 मेधावी स्कूली छात्रों को योजना के तहत स्कूटी वितरित की गई। सभा रोड शो के दौरान जन आशीर्वाद यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। पश्चिम विधानसभा में जनआशीर्वाद यात्रा गौतम जी मढ़िया से प्रारम्भ होकर, संजीवनी नगर, शाहीनाका, पंडा मढ़िया, गढ़ा बाजार, बीटी तिराहा, शारदा चौक होते हुए रतन नगर पहुँची, जहां मुख्यमंत्री जी ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद केंट विधानसभा की यात्रा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद राकेश सिंह, मंत्री हरदीप सिंह डंग, केंट विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में गोकलपुर सामुदायिक भवन से प्रारम्भ हुई जो व्हीकल मोड़ रांझी, दर्शन तिराहा, मस्ताना चौक होते हुए बड़ा पत्थर में समाप्त होगी जहां मुख्यमंत्री ने आमसभा को संबोधित करते हुए महाकौशल क्षेत्र की यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा में सासद राकेश सिंह, मप्र शासन के मंत्री हरदीप सिंह डंग, विधायक अशोक रोहाणी, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू , ग्रामीण अध्यक्ष श्रुसुभाष तिवारी रानू , विधायक अजय विश्नोई, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गोंटिया, आशीष दुबे, अखिलेश जैन, पूर्व विधायक हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, अभिलाष पांडे, सदानंद गोडबोले, श्रीमति स्वाति गोडबोले,नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, कमलेश अग्रवाल, अश्वनी परांजपे, दीपांकर बेनर्जी, राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, धीरज पटेरिया, सुषमा जैन, अंजू भार्गव, कौशल सूरी, अतुल चौरसिया, शैलेंद्र विश्वकर्मा, राहुल खत्री उपस्थित थे।

**केंट विधानसभा**- केंट विधानसभा में नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, तृष्णा चटर्जी, संतोषी ठाकुर, माइकल कपूर, सर्वेश मिश्रा, दामोदर सोनी, आशीष राव, गुड्डा केवट, संजय वर्मा, पुष्पराज सिंह के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवँ स्थानीय जन उपस्थित थे। सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं एवँ क्षेत्रीयजनो से से उपस्थिति एवँ यात्रा के स्वागत किया।



## भाजपा की सरकार बनाने आमजनों से आलोक ने किया आह्वान

### जन कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल प्रसारण

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्य एवं योजनाओं की समूची जानकारी आम जनता तक पहुंजाने विकास रथ सभी मंडलों तक जा रहे हैं। इसी के चलते शुक्र वार को मिलोनीगंज छोटा फुहारा महाराज की गद्दी में दोपहर को विकास रथ पहुंचा। जहां पर आलोक ओंकार तिवारी ने अगवानी कर राजेंद्र प्रसाद वार्ड में रथ का भ्रमण कराया। साथ ही प्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल प्रसारण आमजन को दिखाया। आलोक ने कहा कि जनता का आशीर्वाद लेने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विकास रथ एवं जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रही हैं, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी देकर जनता का आशीर्वाद लिया जा रहा है। वार्ड में उपस्थित महिला शक्ति को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक को गरिमा पूर्ण तरीके से पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। इस विधेयक ने कई वर्षों तक अनेक बाधाओं का सामना किया था। भ्रमण कार्यक्रम में सुधा उपाध्याय, अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, बबलू जायसवाल, आस्तिक तिवारी, लालू ताम्रकार, राहुल गोयल, आयुष तिवारी, हर्ष तिवारी, हर्षित तिवारी, जैडी बैरागी, सुरेश खंडेलवाल समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जन आशीर्वाद यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत**

डुमना विमानतल पर आलोक ओंकार तिवारी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डंग से भेंट कर स्वागत किया। बाद में जब जन आशीर्वाद यात्रा पश्चिम विधानसभा में गौतम जी की मढ़िया पहुंची, तो आलोक ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पुष्प वर्षा की।

## बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस सहित कई गाडियां नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते निरस्त



**जबलपुर,देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाड़ा मंडल के बल्लारशाह स्टेशन पर तीसरी लाइन की कमीशनिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस मार्ग से गुजरने वाली कुछ यात्री गाडियाँ निर्धारित तिथियों में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेंगी. जिसके अनुसार कुछ स्पेशल ट्रेनें पमरे से वाया इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना होकर गुजरती हैं।

## मैथली शरण तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष बने



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के अनुमोदन पर मैथली शरण तिवारी को कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया। इस अवसर पर विनय दुबे,डीएस बघेल एलपी केशरवानी और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है। श्री तिवारी के मनोनयन से पार्टी की मजबूती बढ़ेगी। चुनाव के समय श्री तिवारी की संगठन में उपयोगिता हर लिहाज से सही मानी गई है।

## कलेक्टर की शिकायत लेकर सीएम से मिलने पहुंचे

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरगी विधानसभा की समस्याओं को लेकर मध्य भारत मोर्चा के महासचिव आशीष मिश्रा और उनके साथी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने जान आशीर्वाद यात्रा में गढ़ा पहुँचे जिनके साथ बरगी की जनता थी, जिसमें पुरूष व महिलाऐं जिनको सरकारी योजनाओं को लाभ नहीं मिल रहा है जिसको लेकर व जबलपुर के अधिकारियों की शिकायत करने पहुंचे थे, परंतु पुलिस बल द्वारा उन्हें देख उनको घेरे में ले लिया और एस डीएम गोरखपुर को ज्ञापन दिल दिया और उन्हें वहां से अलग कर दिया गया जिसे लेकर मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ यादव ने प्रशासन को आड़े हांतों लेते हुए कहा कि संविधान का हनन कर रहे हैं जनता की समस्या सुनना और समस्या का निदान करना ही मुख्यमंत्री का काम है और अगर जनता को अपने मुख्यमंत्री से मिलने नहीं मिले तो उनकी कौन सुनेगा प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
JAWAN
10:00 AM 12:00 PM
01:00 PM 03:15 PM
04:30 PM 05:30 PM
07:30 PM 09:45 PM
10:45 PM
DREAM GIRL-2
03:00 PM
THE NUN II
IN HINDI
10:00 AM 04:30 PM
GADAR-2
06:30 PM
EXPEND4BLES
IN HINDI
10:00 AM 02:30 PM
06:45 PM 08:45 PM
THE GREAT INDIAN FAMILY
10:15 AM 12:15 PM
08:35 PM 10:55 PM
SUKHEE
12:30 PM 10:45 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496


अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 128
मुर्गा मीडियम - रु. 118
मुर्गा बड़ा - रु. 108
मुर्गा जम्बो - रु. 108
मो.-9039925000, 9425800409


A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 104
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 114
छोटा ब्रॉयलर - रु. 124
मोबाइल नं. 9300692405

॥ सर्वं खल्विदं ब्रह्म ॥
मध्यप्रदेश की एकात्म यात्रा
9 फरवरी, 2017
आचार्य शंकर की 108 फीट ऊँची प्रतिमा, अद्वैत लोक (शंकर संग्रहालय) और अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान के निर्माण की घोषणा।
1 मई, 2017
मध्यप्रदेश के 51 जिलों में वैशाख शुक्ल पंचमी को शंकर जयंती का उत्सव मनाया गया।
19 दिसम्बर, 2017 से 22 जनवरी, 2018
एकात्म यात्रा के माध्यम से एकात्मता की मूर्ति के निर्माण हेतु प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों से धातु संग्रहण।
22 जनवरी,2018
एकात्म पर्व का आयोजन।
27 जनवरी, 2018
आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास की स्थापना।
8 से 10 दिसम्बर, 2019
अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत उत्सव का आयोजन।
21 अक्टूबर, 2022
अद्वैत युवा जागरण शिविर का प्रथम दीक्षांत समारोह।
21 सितम्बर, 2023
शङ्करावतरणम् -एकात्मता की मूर्ति का अनावरण और अद्वैत लोक - (संग्रहालय) का शिलान्यास। ब्रह्मोत्सव-संतों, संन्यासियों, मनीषियों एवं विशिष्टजनों का समागम।



"ओंकारेश्वर के पावन क्षेत्र में एकात्म धाम के निमित्त एकात्मता की मूर्ति के अनावरण एवं अद्वैत लोक के शिलान्यास के अवसर पर सम्पूर्ण देश से पधारे साधु, संन्यासी, मनीषी, गणमान्य अतिथि एवं प्रदेशवासियों का हृदय से अनन्त आभार ..."
-शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11116/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023



## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर जबलपुर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर सभी भक्तों ने? धार्मिक भाव बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मानव जीवन में दुखहर्ता,सुखकर्ता,मंगल कर्ता, विघ्नेश्वर श्री गणेश जी की प्रात: 9.00 बजे से पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण,अथर्वशीर्ष पाठ सभी गणेश भक्तों द्वारा सानंद सम्पन्न हुआ!सायं 4.00 से 6.00 बजे तक संगीतमय भजन कीर्तन का धार्मिक आयोजन हुआ

सायं 7.15 बजे भगवान श्री गणेश जी की पूजन, महाआरती, स्तुति में परम पूज्य डा.स्वामी मुकुन्द दास जी महराज, पंजाब नेशनल बैंक शक्ति नगर शाखा ,नगर के गणमान्य एवं समिति के भक्तों द्वारा भक्ति भाव से आयोजित हुई!महाआरती के समय मंगलमूर्ती श्री गणेश जी के दिव्य दर्शन से आनंद की अनुभूति प्राप्त की,धर्म की जय हो, प्राणियों में सद्भाव एवं सभी के कल्याण की कामना की गई

आज दिनांक 22-9-23 शुक्रवार को रात्रि 7.30 बजे से गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डा. स्वामी मुकुन्द दास जी महराज के आशीर्वचन का समाज को मार्गदर्शन का भक्तिमय आयोजन हुआ,भक्तों ने भक्ति भाव से श्री गणेश जी का महापर्व मनाया, भंडारा प्रसादी श्रीमती वैशाली कार्णिक जी द्वारा आयोजित रहा। श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के समस्त भक्तों ने श्री गणेश जी के महापर्व को हर्ष, आनंद, भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों ने उपस्थित होकर श्री सुप्तेश्वर गणेश जी सभी का कल्याण करने वाले ईश्वर के दर्शन,भजनों का आनंद, संतों के आशीर्वचनों के सुखद धार्मिक आयोजनों से भक्तों ने आत्मिक सुख की अनुभूति एवं धार्मिक आयोजनों का सुखद आनंद लेकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का महोत्सव मनाया।

कल दिनाँक 23-9-23 को प्रात: 9 बजे से श्री गणेश जी का अभिषेक, पूजन,माला,वस्त्र अर्पण,अथर्व शीर्ष पाठ,सायं 7.15 बजे महाआरती,सायं 7.30 बजे परम पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज के आशीर्वचन, रात्रि 8.30 बजे इस्कान जबलपुर द्वारा हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन के धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भगवान श्री गणेश जी के महोत्सव में उपस्थिति हेतु आग्रह है।

## रामकथा का सुन्दर चित्रण की घड़ी नजदीक आई

### माँ मंदाकिनी रामकिंकर कथा व्यास पीठ से दे रही प्रवचन



**जबलपुर, देशबन्धु।** कथा व्यास परम पूज्य दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर एवं प्रख्यात विचारक, आध्यात्मिक चिंतक फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा के आगमन पर पूर्व केबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया ने उनके आगमन पर समर्थकों के साथ दोनों अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कथा व्यास पीठ से दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर 22 से 26 सितंबर तक धार्मिक प्रवचन देंगी। इसी के चलते शनिवार को प्रवचन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़े सरल स्वरूप में दीदी मंदाकिनी ने भक्तों को भगवान के स्वरूप के दर्शन अपनी वाणी से कराने का प्रयास किया। आयोजन भू-लोकवासी बाबूजी पूर्व पार्षद शिवलाल घनघोरिया जी की पुण्य तिथी पर संत रविदास सामुदायिक भवन बाई का बगीचा घमापुर जबलपुर में आयोजित हैं। भजन संध्या एवं प्रवचन शाम पांच बजे से होंगे, इसमें शामिल होने का आग्रह भक्तों श्री घनघोरिया, राजेश मिश्रा, राम गुरू, मुरलीधर राव, राजेश केशरवानी, यश घनघोरिया, मुन्नू पंडा, कल्लन गुप्ता, दीना जैन ने किया है।

## इत्ती सी हंसी, इत्ती सी खुशी...,ख्वाबों के तिनके से बनाएं आशियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** साइन लैंग्वेज वह भाषा है जिसमें बोलचाल शब्दों से नही, बल्कि भावनाओं और हाथों के विशेष इशारों से कही जाती है। इस भाषा में इशारों और भावों से ही लोगों से जुड़ा जाता है, इसलिए इसे दिल की भाषा कहा जाता है। साइन लैंग्वेंज सिर्फ दिव्यांगों की पढ़ाई को ही नहीं, बल्कि अब उन्हें कला और सांस्कृतिक गतिविधियों से भी जोड़ने का काम कर रही है। वहीं कुछ परिवार जहां सिर्फ एक ही व्यक्ति को साइन लैंग्वेज की जरूरत है, वहां परिवार के अन्य सदस्य खुद ब खुद इस लैंग्वेज में माहिर हो चुके हैं। इस इंटरनेशनल साइन लैंग्वेज डे के मौके पर आइए मिलते हैं कुछ ऐसे ही स्पेशल लोगों से...





**पति के लिए सीखी भाषा**-खेमकरण बरमैया और पंचू बरमैया में से खेमकरण बधिर हैं। उन्होंने बताया कि शादी तय हुई तो इस बात से घबराए थे, कि वह बोलने और सुनने वाली पत्नी के साथ कैसे रहेगा। परिवार का समर्थन मिला, तो पत्नी से सांकेतिक भाषा सीखना शुरू किया। अब जीवन आसानी से चल रहा है।

**बखूबी संभालती है जिम्मेदारी**-अजीज अली ने बताया कि पत्नी रईसा बोल सुन नहीं सकती है। शादी फिक्स होने पर लगा था कि जीवन में परेशानियां होंगी, लेकिन कुछ ही महीनों में सांकेतिक भाषा सीखी और इसका उपयोग करके ही बात करने लगे। हमारे चार बच्चे हैं और पत्नि घर, परिवार और बच्चों की हर जिम्मेदारी निभाती हैं।

**परिवार में सभी साइन में बात करते**-अनूप कुमार ने बताया कि उनकी पत्नि ज्योति बोल सुन नहीं सकती, लेकिन उन्होंने जीवन के हर कदम पर उनका साथ निभाया। उनकी दो बेटियां हैं, जो सामान्य हैं। एक बेटी सांकेतिक संस्थान में सांकेतिक भाषा की पढ़ाई कर रही है। वे कहते हैं पूरा परिवार बातों के ि ए साइन लैंग्वेज का उपयोग करते हैं।

**दूसरों को सिखाती हैं कला**-बोलने और सुनने में सक्षम नहीं थी, लेकिन कला के प्रति जुड़ाव था। संभागीय बालभवन में शिक्षिका डॉ. रेणु पाण्डे के पास गई तो उन्होंने चित्रकला सिखाने का भरोसा दिलाया। आत्मविश्वास बढ़ा तो खुद को कला के प्रति समर्पित कर दिया। वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में अपनी कला का प्रदर्शन कर दुनिया के कारीगरों के बीच चर्चा का विषय बनी। कला से जुड़कर अब रोजगार भी शुरू किया है और अन्य बच्चों को पेंटिंग सिखाती है।अर्चना विश्वकर्मा, पेंटिंग आर्टिस्ट

### नृत्य ने आत्मविश्वास बढ़ाया

नृत्य करना पसंद है। बोलने और सुनने की क्षमता इसके लिए बाधिक जरूर थी, लेकिन फिर संगीत के रिद्म को महसूस करना शुरू किया। माता पिता से सहयोग किया और फिर नृत्य शिक्षिका से सम्पर्क किया। जीवन में नृत्य ने हर कदम पर कॉन्फिडेंस बढ़ाया है। अब स्कूलों में होने वाले कॉम्पीटिशन में भी पार्टिसिपेशन करती हूं।

-खुशी टेकवानी, नृत्य प्रेमी

### बड़े मंचों पर दे चुके हैं प्रस्तुति

नृत्य और नाट्य मंचन पसंद है। बोलने और सुनने की क्षमता से परिवार वालों के सामने जब नृत्य करने की इच्छा रखी तो वे पहले हिचके, क्योंकि बिना संगीत सुने नृत्य करना भला कैसे संभव है, लेकिन संगीत कम्पन को महसूस करके घर पर नृत्य करना शुरू किया। पैरेंट्स ने इस ओर ध्यान दिया तो नृत्य कक्षाएं जॉइन करवाई। अब कई बड़े मंचों पर प्रस्तुति देते हैं।

-हरिश्चंद काकोडिया, प्रिया जैन, नृत्य प्रेमी



## हल्दी और मिट्टी से बनाए लंबोदर

**जबलपुर, देशबन्धु।** छात्राओं ने मिट्टी, हल्दी, गेरु, छुई से लंबोदर का सृजन किया। इस दौरान प्राकृतिक रंगों से श्रीजी का शृंगार भी किया गया। होमसाइंस कॉलेज के क्यूरी क्लब के तत्वावधान में इको फ्रेंडली गणेश मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने अलग-अलग प्राकृतिक चीजों का उपयोग कर मूर्ति निर्माण किया। इस मौके पर डॉ. रोहिणी शर्मा, सुमन उपाध्याय, डॉ. नालिनी मिश्रा, डॉ. ज्योति जैन, श्रुति, विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉ. अर्चना खरे, डॉ. किरण सिंह मौजूद रहीं।

## समझाया मतदान का महत्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला स्तरीय क्विज कॉम्पीटिशन में प्रतिभागियों ने मतदान का महत्व समझाया। प्रतियोगिता दो चरणों में पूरी हुई, जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने करवें खों चलो मतदान मोरे भैया..., घर में बैठे न रहियो मेरे भैया..., अबकी बेरा ऐंसो मौका लाव ने...जैसे बुंदेली गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्पीप जयति सिंह, नितिन पालीवाल, डॉ. नीलेश पांडेय, प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ. अजय गुप्ता, वसंत शर्मा, भारती सोनी, सरोज रजक ,डॉ. शुभम जैन मौजूद थे।

## चित्रलतिका में छाए लता के चित्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती कलावीथिका में सात दिवसीय आयोजन चित्रलतिका का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में चित्रकार रामकृपाल नामदेव की एकल चित्रकला प्रदर्शनी और लता आराधना संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लता मंगेशकर के 40 चित्र लगाए गए। अतिथि भूमिका समाजसेवी शंभूदयाल बड़ेरिया, चित्रकार सुरेश श्रीवास्तव, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज ने निभाई। इस मौके पर कपिल गोयल, विनय रोहणी, बाबूलाल नामदेव, अनिता बड़ेरिया, अंजू नामदेव, ब्रजेश नामदेव, नवीन मसीह, अनुज बांगर मौजूद थे।

## रोटरी तूलिका कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के तत्वावधान में महाविद्यालयीन स्तर पर रोटरी तूलिका का आयोजन 24 सितम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंटिंग, कार्टून, पोस्टर, कोलाज, क्ले मॉडलिंग व रांगोली की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन समन्वय सेवा केन्द्र, आदि शंकराचार्य चौक में सुबह 9.30 बजे से होगा।

## रवीन्द्र संगीत प्रस्तुति

**जबलपुर, देशबन्धु।** नाट्य लोक संस्था के तत्वावधान में 23 सितम्बर को बंगाली काली बाड़ी, गुप्तेश्वर में रवीन्द्र संगीत की प्रस्तुति शाम 7 बजे दी जाएगी। कार्यक्रम में डॉ. शिप्रा सुल्लेरे और सोमनाथ सोनी के निर्देशन में ग्रुप प्रस्तुति में संगीत रस बरसेगा।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 23 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की नवमी, नक्षत्र-मूल।**

**मेष** – आज आप सुस्त रहेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। स्वभाव में उग्रता बढ़ने से आपका काम बिगड़ सकता है।

**वृषभ** – अत्यधिक कार्यभार तथा खान-पान में असावधानी रखने के कारण स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। पर्याप्त मात्रा में नींद और आहार न मिलने से मन बेचैन रहेगा।

**मिथुन** – आज आप मौज-शौक और मनोरंजन में रुचि लेंगे।। मित्रों तथा प्रियजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बना सकेंगे।

**क.**

**कर्क** – भाग्य आपके साथ होने से आपका आज का दिन आनंद और सफलता का बना रहेगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा।

**सिंह** – आज आप तन-मन की स्वस्थता महसूस करेंगे। आप सृजनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे। साहित्य के क्षेत्र में कुछ नया लिखने की प्रेरणा आपको होगी।

**कन्या** – आपको आज प्रतिकूलताओं के लिए तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य को लेकर चिंता में रह सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**तुला** – अभी आपका भाग्य आपके पक्ष में होने से आप कोई नया काम आसानी से शुरू कर पाएंगे। आज का दिन बहुत अनुकूल है।

**वृश्चिक** – आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। आपके कम बोलने में ही आपकी भलाई है। ऐसा करके आप परिजनों के साथ के वाद-विवाद को टाल सकेंगे।

**धनु** – आज आपके तन-मन की स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा होगी। स्नेहीजन और मित्रों से मिलकर आनंद का अनुभव होगा।

**मकर** – आज परिश्रम के अनुपात में परिणाम न मिलने पर आपको हताशा होगी। पारिवारिक वातावरण उदासीन रहेगा। स्वास्थ्य की चिंता रहा करेगी।

**कुंभ** – आज नए काम की शुरुआत होगी। नई योजना बना सकेंगे। नौकरी और व्यवसाय के लिए भी अनुकूल दिन है। शहर में मान- सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** – आप व्यवसाय और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। अधिकारी आपको प्रोत्साहन देंगे, इसलिए आपको आनंद होगा। धंधे में लाभ होगा।

**मा.**

## हसनी हुसैनी सोसायटी ने बाटें हाथ ठेले

**जबलपुर देशबन्धु।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी नबी के मौके पर हसनी हुसैनी सोसायटी ने हाथ ठेले एवं रोजगार समाग्री 10 बेरोजगारों व जरूरतमंदो को वितरित कि जिसे पाकर लोगों के चहरे खिल उठे और सोसायटी के इस नेक काम को खूब सराहनीय कदम बताया। आयोजन की सरपरस्ती औलादे गौसे आजम पीरे तरीक़त हज़रत अल्लामा अल्हाज सैय्यद कोसर रब्बानी किब्ला ने की। इस मौके पर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष मुहम्मद सोहेल ने कहा कि हसनी हुसैनी सोसायटी विगत कई वर्षो से खिदमते खल्क (मानव सेवा) कर रही है और ये सेवा आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान पप्पू वसीम खान, हाजी इसरार अहमद, शफीक खान, मुबारक कादरी, ताहिर अली, मुईन खान, एड. हफीज, मजहर उस्मानी, कलीम ख़ान, ताज उस्मानी सहित हज़ारो लोग मौजूद रहे।



## कवयित्री डॉ. सलमा जमाल उमराह पर रवाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सलमा जमाल मरियम हज उमराह जियारत के द्वारा डुमना से 24 सितंबर को 15 दिनों के लिये मक्का - मदीना उमराह के लिए जा रही हैं। आप 32 लोगों के जत्थे के साथ मो.इरफान के नेतृत्व में रवाना होंगी।डॉ.सलमा जमाल की इबादत यात्रा पर साहित्यिक संस्थाओं पाथेय, वर्तिका ,मंथन , जागरण ,प्रसंग,अ. भा. हिंदी सेवा समिति , ऑथर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया , गुंजन ,अंतस आदि ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया ।



## चौरसिया समाज की जरूरी बैठक 24 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** चौरसिया समाज के तत्वाधान में आगत 05 नवंबर 2023 रविवार को स्थानीय अग्रवाल बारातघर,शीतलपुरी,उखरी रोड,बलदेव बाग में अखिल भारतीय चौरसिया युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों में पूरी टीम एकजुटता के साथ लगी हुई है। आमंत्रण पत्र ,प्रचार प्रसार सामग्री भी मुद्रित हो गई है। परिणय संस्कार पत्रिका 2023 का भी प्रकाशन विमोचन कार्यक्रम को गति देना है। इस हेतु अति आवश्यक बैठक जिसमें वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन, विचार विमर्श,क्षेत्रीय प्रतिनिधियों,पदाधिकारियों,समिति प्रभारियों को उनके कर्तव्यबोध से अवगत कराने व सामग्री सौंपने की प्रक्रिया के क्रियान्वयन हेतु अति आवश्यक बैठक दिनांक 24 सितम्बर रविवार दिन तीन बजे चौरसिया समाज की अमूल्य धरोहर श्री भगवान गौरीशंकर मंदिर परिसर,पान दरीबा में आयोजित है। जिसमें सभी सजातीयजनों से उपस्थिति देकर सहयोग देने का विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया गया है। समाज के प्रमोद कैलाश प्रसाद चौरसिया, अध्यक्ष,चौरसिया आदि ने उक्त विज्ञप्ति जारी की है।

## रेल कर्मचारियों के हितों में लिए गये अनेक निर्णय, मानी मांगें

### डबलूसीआरईयू की पीएनएम सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाईज यूनियन (डबलूसीआरईयू) की चतुर्थ मंडल स्तरीय स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक जबलपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में डीआरएम विवेकशील की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे यूनियन के मंडल सचिव कामरेड रोमेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला के नेतृत्व में कई यूनियन पदाधिकारियों ने भाग लिया मीटिंग में यूनियन ने रेल-कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के हित संबंधी अनेक मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए उसे तत्काल हल करने की मांग की. जिसे डीआरएम द्वारा मानते हुए कई निर्णय बैठक में लिये गये। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र तिवारी, दसरथ भट्ट, वीके शुक्ला एनके पांडेय, पंकज वर्मा, नरेन्द्र पटेल, आर के श्रीवास्तव, इंद्रजीत, बाबूलाल, मो राजिक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। यूनियन के मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा ने बताया कि यूनियन द्वारा रेल कर्मचारियों की अनेक लंबित मांगों व अन्य कल्याणकारी कार्यों के संबंध में पीएनएम में मंडल रेल प्रशासन के समक्ष मुखरता के साथ मुद्दों को उठाया गया।



## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री किशन बेन-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रतन बेन के पुत्र श्री किशन बेन (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री केशव प्रसाद गौंड़-** सुहागी अधारताल निवासी श्री केशव प्रसाद गौंड़ (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साहब लाल अहिरवार-** सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम वार्ड निवासी श्री साहब लाल अहिरवार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुलाब बाई दुबे-** कांचघर चौक निवासी श्री आई डी दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई दुबे (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री शारदा प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री अजय चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम स्वरूप तिवारी-** शिवनगर कॉलोनी अधारताल निवासी श्री राम स्वरूप तिवारी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुलबसिया बाई चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री सहदेव चौधरी धर्मपत्नी श्रीमती गुलबसिया बाई चौधरी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्योति सूर्यवंशी-** गोरखपुर निवासी श्री ओम प्रकाश सूर्यवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति सूर्यवंशी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक सोनकर-** हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री कैलाश सोनकर के पुत्र श्री अभिषेक सोनकर (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा बाई -** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री श्याम सुंदर काछी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

### श्रीमति नीमा बाई कोष्टा का निधन



**जबलपुर।** श्रीमति नीमा बाई कोष्टा फूटाताल निवासी का निधन 22 सितम्बर को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया वे स्व. बाबू लाल कोष्टा की पत्नि कैलाश, राजेश , गिरिश कोष्टा की माँ थी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9 बजे निज निवास से करियापाथर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक पर जा घुसा दूसरा ट्रक





## चार की दर्दनाक मौत, एक की हालत गंभीर

## भीषण हादसा : गोसलपुर थाना के नेशनल हाईवे 30 मोहतरा टोल प्लाजा के पास देर रात की घटना

**गोसलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर-रीवा एनएच-30 मोहतरा टोल प्लाजा के पास गुरुवार देर रात सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि घटना में एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसका मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी लगते ही एसडीओपी पारुल शर्मा सहित गोसलपुर थाना के स्टाफ मौके पर पहुंचा और ट्रक में फंसे लोगों को निकालकर अस्पताल भिजवाया।

गोसलपुर पुलिस ने बताया कि मोहतरा टोल नाका से 200 मीटर आगे रात करीब 12.30 बजे एक ट्रक क्रमांक एमपी 34-एच 0703 सड़क किनारे खड़ा हुआ था। जिसमें कि प्रकाश बर्मन, संदीप बर्मन, शिवम कुशवाहा, संदीप उपाध्याय और पवन कुशवाहा थे। सभी लोग ट्रक से नीचे उतरकर आपस में बात कर रहे थे कि अचानक ही पीछे से आ रहें तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 20-जीए 0725 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क पर खड़ा ट्रक करीब 20 मीटर तक घिसट गया। ट्रक में चिपटने से शिवम कुशवाहा (35) निवासी खमतरा, प्रकाश बर्मन (46) निवासी ग्राम खमतरा, संदीप बर्मन (38) खमतरा और संदीप उपाध्याय (35) निवासी ग्राम फनवानी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पवन कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है।

पार्किंग लाइट जलाकर नहीं रखी, काली तिरपाल के कारण नहीं दिखा खड़ा ट्रक बताया जाता है कि सड़क पर ट्रक पार्क करने के बाद एमपी 34 एच 0703 के चालक ने पार्किंग लाइट जलाकर नहीं रखी थी। ट्रक में नीचे तक ब्लैक तिरपाल लगी होने कारण पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 0725 का चालक खड़ी ट्रक को देख नहीं पाया। जिसके कारण यह हादसा हो गया।

**इनका कहना**-मोहतरा टोल प्लाजा हाईवे के पास भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वही एक घायल को उपचार के लिए मेडिकल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव परिजनों को सौंपते हुए मामले की जांच की रही है।

**पारुल शर्मा, एसडीओपी सिहोरा**



## मुख्यमंत्री विरोध करने वाले एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर में शनिवार को उस दौरान पुलिस और कांग्रेस समर्थकों के बीच विवाद हो गया जब डुमना तल के पास सीएम का विरोध करने वाले रिक्शा लेकर उन्हें भेंट करने जा रहे थे। एनएसयूआई के छात्र नेता राहुल रजक एवं सौरभ गौतम के नेतृत्व में सदर पेंटीनाका से रिक्शा लेकर डुमना विमानतल पर शिवराज सिंह चौहान को भेंट करने जा रहे थे। उसी बीच पुलिस प्रशासन से झूमाझटकी हुई और पुलिस ने सभी को गिरफ़्तार कर थाने ले गई, जहां पर जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी हो रही थी। छात्र नेता राहुल रजक एवं सौरभ गौतम ने बताया कि शनिवार पूरे देश युवा बेरोजगार हैं। वहीं भाजपा सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं दूसरी तरफ शिवराज सिंह चौहान जनता का आशीर्वाद ले रहे हैं, अगर प्रदेश मे शिवराज सरकार ने इतना ही अच्छा काम किया होता तो जनता उनको आशीर्वाद देने आती, पूरे देश मैं युवा बेरोज़गार है युवा अपने हाथ मैं डिग्री लिए भटक रहा है, आय दिन घोटाले पे घोटाले हो रहे है पटवारी घोटाला , आयुष्मान घोटाला, लेकिन शिवराज ने सिर्फ देश को कर्ज़े में डाल रखा है ,पूरे देश मैं छात्र बेरोज़गार घूम रहा है।

जबलपुर शहर में मुख्यमंत्री का आगमन हुआ था, इसी के चलते द्वारा शिवराज सरकार को रिक्शा भेंट कर अनोखे तरह से विरोध का कार्यक्रम कांग्रेस की छात्र ईकाई ने बनाया था, जिसे पुलिस ने असफल कर दिया है, और जब तक कार्यकर्ताओं को नहीं छोड़ा गया जब तक सीएम जबलपुर से रवाना नहीं हो गये।

भेंट किया जा रहा था उसी बीच पुलिस प्रशासन द्वारा गिरफ़्तार

# लूट की घटना के कुछ घंटे बाद ही लुटेरे गिरफ्तार

## सिहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दर्शनी के पास हुई थी लूट की वारदात

**सिहोरा,देशबन्धु।** सिहोरा थाना क्षेत्र में अजय पाटकर नामक फरियादी ने सिहोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि 20 सितंबर को वह कटनी से वापस अपने गांव सुनगवां आ रहा था जैसे ही वह दर्शनी के आगे नहर पुल के पास पहुंचा तो कुछ अज्ञात लोगों ने उसके गले पर चाकू अड़ाकार उसके पास रखे सामान और मोबाइल सहित नगद राशि लूट कर फरार हो गए घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सिहोरा ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जिला पुलिस अधीक्षक टी के विद्यार्थी के द्वारा तत्काल लुटेरों को पकड़ने के निर्देश जारी किए गए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती पारुल शर्मा के मार्गदर्शन में सिहोरा थाने में टीम गठित की गई इस टीम के द्वारा कुछ ही घंटे में लुटेरों को गिरफ्तार कर कीमती सामान जप्त कर लिया सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि 20 सितंबर को फरियादी कटनी से वापस अपने गांव रात्रि लगभग 12:15 बजे जा रहा था दर्शनी के आगे नहर की पुलिया पर दो लड़के पल्सर गाड़ी से प्रार्थी के पास आए और मोटरसाइकिल अड़ाकर रोक लिया मोटरसाइकिल के पीछे बैठे एक लड़के ने मोटरसाइकिल से उतरकर अजय पाटकर पिता जागेश्वर उम्र 32 साल निवासी सुनगवां थाना सिहोरा के गर्दन पर चाकू अढ़ा दिया और मोटरसाइकिल चलाने वाले लड़के ने उतरकर प्रार्थी को एक थप्पड़ मारा और बोला जो तेरे पास है जल्दी से निकाल दे आरोपियों ने प्रार्थी के कंधे पर लटका बैग छीन लिया और प्रार्थी के जेब में रखा मोबाइल वीवो कंपनी सहित 4200 एवं संतान साते की चूड़ियां एवं मोटरसाइकिल भी छीन कर ले गए।

**पुलिस की सतर्कता से पकड़े गए आरोपी**

प्रार्थी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर सिहोरा पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए राहुल पासवान पिता जगदीश पासवान उम्र 20 साल निवासी सरिया महंत पट्टी थाना तुर्कपैट्टी जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश से वीवो कंपनी का मोबाइल 10000 नगदी सहित जप्त किए गए,दूसरे आरोपी मनजीत उर्फ भोला गुप्ता पिता राम लखन उम्र 19 साल निवासी जकोबा बाजार कुशीनगर उत्तर प्रदेश से संतान साते की चूड़ियां 6 ग्राम तीन नग कीमत 6हजार नगदी 1500 रुपये जप्त किये गए, तीसरे आरोपी विवेक पिता सुखचैन चौधरी उम्र 20 साल निवासी आश्रम मोहल्ला खिन्नी रोड गोसलपुर थाना गोसलपुर से प्लैटिना मोटरसाइकिल एमपी 20 ह्ङ्क 6053 कीमत 60000 नगदी ?1200 जप्त किए गए तीनों आरोपियों से कुल 80200 की संपत्ति बरामद की गई।




## मजाक में हुए झगड़े में युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या,गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्राम पिपरिया मडवा पाटन में मजाक के दौरान चैनसिंह पाल का धरमदास उर्फ कुट्टल मल्लाह से झगड़ा हो गया. जिसके चलते धरमदास ने दोपहर 12 बजे के लगभग चैनसिंह की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी. चैन सिंह को खून से लथपथ हालत में देख परिजनों में चीख पुकार मच गई. शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिन्हे देख हमलावर धरमदास भाग गया।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम पिपरिया मडवा पाटन में रहने वाले चैनसिंह पाल व धरमदास उर्फ कुटटल बीती रात 9 बजे के लगभग आपस में हंसी मजाक कर रहे थे. इस दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया, विवाद बढ़ते ही चैन सिंह उठकर अपने घर आ गया. घर में उसने अपनी पत्नी राजकुमारी पाल उम्र 34 वर्ष बताया कि थोड़ी देर पहले धरमदास उर्फ कुटटल से हंसी मजाक में विवाद हो गया. धरमदास ने धमकी दी है कि तुझे देख लूंगा. आज दोपहर 12.30 बजे के लगभग चैनसिंह अपने घर में रहा तभी धरमदास कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गया, जिसने गाली गलौज करते हुए चैनसिंह को आवाज लगाई. चैनसिंह बाहर आया और गाली बकने से मना किया. जिसपर धरमदास ने कुल्हाडी से चैन सिंह पर हमला कर दिया. हमले में चैनसिंह की गर्दन पर चोट आई और वह गिरकर छटपटाने लगा. चैनसिंह को खून से लथपथ हालत में देख पत्नी व बच्चों में चीख पुकार मच गई. शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावर धरमदास उर्फ कुट्टल मल्लाह की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

## पमरे में स्वच्छता पखवाड़े का सातवाँ दिन, स्वच्छ पटरी ( ट्रैक ) दिवस के अंतर्गत पटरियों की हुई गहन सफाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में शुक्रवार को स्वच्छ पटरी (ट्रैक) दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाकर ट्रैक तथा ट्रैक के आस पास का क्षेत्र, ट्रैक के आस पास घास फूस की डि-वीडिंग, पुलों पर ट्रैक की सफाई, स्टेशन पर वाशेबल एप्रोन, पॉइंट तथा क्रासिंग, यार्ड ड्रेनेज, कटिंग एवं सेस पटरी की गहन साफ सफाई सुनिश्चित की गयी।



इसके अंतर्गत जबलपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देशन में स्वच्छ पटरी (ट्रैक) दिवस के अंतर्गत जबलपुर स्टेशन यार्ड में वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशन जबलपुर में स्टेशन निदेशक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक, मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के संयुक्त कर्मचारियों ने सभी रेलवे ट्रैक की साफ सफाई का अभियान चलाया।

भोपाल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के निर्देशन में स्वच्छ पटरी (ट्रैक) दिवस के अवसर पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में मण्डल के सभी स्टेशनों, सभी रेल खण्डों पर कर्मचारियों द्वारा रेलवे ट्रैक के आस-पास गहन सफाई अभियान चलाकर कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट वस्तुओं को एकत्रित कर उसे उचित स्थान पर डिस्पोज किया गया, साथ ही यात्रियों से स्वच्छता मिशन में अधिक से अधिक योगदान करने की अपील की।

इसी प्रकार कोटा मंडल में भी स्वच्छ पटरी (ट्रैक) दिवसके अवसर पर स्वच्छ पटरी दिवस पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में मण्डल के सभी स्टेशनों, सभी रेल खण्डों पर कर्मचारियों द्वारा रेलवे ट्रैक के आस-पास गहन सफाई अभियान चलाकर कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट वस्तुओं को एकत्रित कर उसे उचित स्थान पर डिस्पोज किया गया। आज 23 सितंबर को पखवाड़े के आठवें दिन जबलपुर मंडल में स्वच्छ परिसर, भोपाल मंडल में स्वच्छ कार्यालय, कॉलोनी एवं परिसर तथा कोटा मंडल में स्वच्छ यार्ड दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

## गांजा की तस्करी में लिप्त आरोपी पुलिस गिरफ्त में, 300 ग्राम गांजा जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी हनुमानताल एम.डी. नागौतिया ने बताया कि 21/9/23 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक हल्की गुलाबी रंग की टीशर्ट एवं पीले रंग का पेंट पहने हुए रविदास नगर पहाड़ी काली पानी टंकी के पास गांजा बेचने के लिए आने वाला है।

यदि तत्काल दबिश दी गयी तो रंगे हाथ गांजे के साथ पकड़ने में सफ्लता मिल सकती है सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए मुखबिर के बताएं स्थान पर दविश दी गई जहां मुखबिर के बताए हुलिया का युवक हाथ में सफेद रंग का थैला लिए हुए दिखा जो पुलिस को देखकर दूसरे तरफभागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम समीर मंसूरी उम्र 18 वर्ष निवासी कुरेशी मार्बल के पास थाना अधारताल बताया जिसे सूचना से अवगत कराते हुए तलाशी लेने पर हाथ में रखें सफेद थैले के अंरन पॉलिथीन में अवैध मादक पदार्थ गंजा रखा मिला जो तौल करने पर 300 ग्राम गांजा होना पाया गया आरोपी के कब्जे से 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## मादा चीतल का शिकार कर खाल उतारने के मामले में वन विभाग के अब तक हाथ खाली

**सिहोरा,देशबन्धु।** वन पर क्षेत्र सिहोरा की बीट सरदा के राजस्व क्षेत्र सिहोरा से कुर्रो रोड पर वयस्क मादा चीतल और दो चीतल के बच्चों का शिकार कर खाल उतारने वाले एक आरोपी को वन विभाग के अमले ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन शेष छह आरोपी अभी फरार हैं। वन विभाग सिहोरा की टीम इस मामले में फरार आरोपियों को पकड़ने दबिश तो दे रही है, लेकिन आरोपी मौका पाकर फरार हो जाते हैं।

**छह आरोपी हैं फरार**

सिहोरा से कुर्रो रोड के किनारे 23 अगस्त की रात्रि वन्य प्राणियों का अवैध शिकार कर उसकी खाल उतारने की खबर वन विभाग और सिहोरा पुलिस को लगी। वन विभाग और पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर शिकारी मौके से भाग गए। मौके पर वन विभाग की टीम ने तीन चीतल की खाल, 40 किलो मांस और हथियार बरामद करते हुए अपराध क्रमांक 3868/ 18 दर्ज कर किया था। अवैध शिकार के इस मामले में वन विभाग में एक आरोपी वसीम कुरैशी निवासी सिहोरा को 13 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

**ये है मामला**-वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वयस्क मादा चीतल और और उसके बच्चों के शिकार के मामले में बबलू उर्फ अकबर पिता इकबाल बेग, शेखू उर्फ फारूक, एफ़ाज़ अली, उबेद पिता रसूल राईन, शकील पिता शेख मंसूरी, अकबर उर्फ टुनिया पिता सगीर अत्तू पिता इकबाल बेग फरार हैं। फरार आरोपियों में दो जबलपुर और बाकी सिहोरा के रहने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक दो आरोपियों ने इस मामले में न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है। लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही।

चीतलों के हत्यारों की गिरफ्तारी से वन विभाग के अधिकारियों को क्यों हो रही परेशानी इन दिनों चीतलों के शिकार को लेकर शहर में यह खबर जन चर्चा का विषय बनी हुई है लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि चीतलों के शिकारियों को पकड़ने में आखिर वन विभाग के आला अधिकारियों को परेशानी क्यूँ है क्यों इन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है वहीं जब इस मामले में रेंजर साहब से बात की गई तो वो गरम हो गए और कुछ भी कहने से साफ इनकार कर दिया,

**इनका कहना**-चीतलों के शिकार के मामले में मुझे कुछ नहीं कहना आप जाँच अधिकारी से बात करें मैं कुछ नहीं कह सकता,

**जे डी पटैल रेंजर सिहोरा वन क्षेत्र**

चीतलों के शिकार और उनकी खाल उतारने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है वहीं शेष छह आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं

**अबरार खान, डिप्टी रेंजर सिहोरा**

## पमरे के कोटा मंडल में अधोसंरचना कार्यों के अंतर्गत 07 एलएचएस का निर्माण कार्य पूर्ण

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल में संरक्षा एवं अनुरक्षण के तहत अधोसंरचना के निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए तीव्र गति से निष्पादित किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल ट्रेनों के सरंक्षित एवं सुगम परिचालन के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। रेल संरक्षा और यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार रोड ओवर ब्रिज रोड अंडर ब्रिज सीमित ऊँचाई वाले सबवे यानि रुास्र बनाए जाते हैं।

इसी श्रंखला में पमरे द्वारा अधोसंरचना के निर्माण कार्य में गति प्रदान करते हुए इस चालू वित्तीय वर्ष में पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल में अब तक 07 समपार फाटकों के स्थान पर सीमित ऊँचाई वाले सबवे तैयार कर यात्रियों एवं रोड यूजर्स की सुरक्षा को और भी दुरुस्त करने का कार्य किया है, जिससे रेल और रोड ट्रैफिक के आवागमन की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। इससे रोड एवं रेल परिचालन आसान तथा सुगम हुआ है।

## 25 प्रकरणों की अनिवार्यता संबंधी मामले में आज स्पेशल बेंच करेगी सुनवाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** 25 प्रकरणों को निर्धारित समय में निराकरण करने संबंधी आदेश को चुनौती देने वाले मामले में आज शनिवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवीन्द्र सिंह की स्पेशल बेंच के समक्ष होगी।

उल्लेखनीय है कि अदालतों में लंबित प्रकरणों में से 25 को निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अदालतों को दिये गये थे। जिसे ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसियेशन के प्रतिनिधि व पूर्व एडीजे राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। आवेदक की ओर से कहा गया था कि हाईकोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुपालन में रजिस्ट्रार जनरल ने 21 दिसंबर तथा 05 एवं 19 जनवरी 2023 को प्रदेश के समस्त जिला न्यायलयों को तीन परिपत्र जारी किये थे। जिनमें लंबित पुराने मामलों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिये थे, जो कि असंवैधानिक है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह पैरवी कर रहे है।

## हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा अपना फैसला




**जबलपुर,देशबन्धु।** सीधी में आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ की गई एनएसए की कार्रवाई को चुनौती देने वाले मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में उभयपक्षों के तर्क सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

उल्लेखनीय है कि यह मामला कंचन शुक्ला की ओर से हाईकोर्ट में दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उनके पति प्रवेश शुक्ला एक राजनीतिक पार्टी के नेता है। उनके पति द्वारा एक आदिवासी युवक पर पेशाब करने का वीडियों वायरल होने के बाद उसे राजनीतिक मुददा बना लिया गया। प्रशासन ने भी उनके खिलाफ एनएसए के तहत कार्यवाही की, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि उसका कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। मामले को राजनीतिक मुद्दे का रूप दिया गया है। उक्त कार्यवाही अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। वहीं सरकार की ओर से न्यायालय को बताया गया कि पब्लिक आर्डर के तहत आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गयी है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का हवाला भी दिया गया। साथ ही बताया गया कि राज्य सरकार ने भी एनएसए की कार्यवाही पर सहमति प्रदान की है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि वायरल वीडियों साल 2020 का है। तीन साल बाद वीडियों के आधार पर एनएसए की कार्यवाही अवैधानिक है। किसी प्रकार के दंगे या विवाद की कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई थी। सीएम द्वारा सोशल मीडिया में की गई पोस्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि यह पब्लिग आर्डर के तहत नहीं सीएम आर्डर के तहत कार्यवाही की गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने पक्ष रखा।

# सिहोरावासी इंतजार करते रहे मुख्यमंत्री ने फिर किया निराश

## लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति का धरना जारी




**सिहोरा,देशबन्धु।** सिहोरा वासियों को आशा थी कि जन आशीर्वाद यात्रा में जबलपुर आने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सिहोरा जिला आंदोलन के विषय में दो शब्द कहेंगे परंतु मुख्यमंत्री ने सिहोरा के प्रति अपना रवैया जारी रखा।आक्रोशित सिहोरा वासियों ने धरना स्थल पर जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया।

मुख्यमंत्री पद में एक सीट सिहोरा की भी लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री के सिहोरा के प्रति गैर जिम्मेदाराना व्यवहार की ओर इशारा करते हुए कहा कि सिहोरा भी मध्य प्रदेश का एक हिस्सा है और जिस मुख्यमंत्री की गद्दी पर शिवराज जी बैठे हैं उसकी एक सीट सिहोरा विधानसभा की भी है ।

**कांग्रेस करेगी पुनः घोषणा**- इसी दौरान लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति को मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के द्वारा यह संदेश प्राप्त हुआ है कि कांग्रेस पार्टी सिहोरा की जनभावना से पूर्णतया अवगत है और आगामी 29 सितंबर को कांग्रेस पार्टी के एक दिग्गज नेता के द्वारा सिहोरा में सार्वजनिक रूप से सिहोरा जिला के समर्थन की घोषणा की जाएगी ।साथ ही सत्ता में आने पर कांग्रेस द्वारा सिहोरा जिला बनाने का वचन भी सिहोरा वासियों से किया जाएगा।

बस स्टैंड में चल रहे धरने में समिति के अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, संतोष पांडे, विकास दुबे, सुशील जैन ,अजय विश्वकर्मा, नत्थू पटेल, कृष्ण कुमार दुबे, प्रदीप दुबे, राम जी शुक्ला,नीरज गौतम,मोहन सोंधिया,राजेश कुररिया सहित सैकड़ो आंदोलनकारी मौजूद रहे।



# क्रेडिट कार्ड एक्टिव कराने के नाम पर 1 लाख 90 हजार रुपए की धोखाधड़ी

**उमरिया, देशबन्धु।** नौरोजाबाद थाना में फरियादी आदित्य कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम पठारी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 20 जुलाई 2022 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड एक्टिव कराने के नाम पर ओटीपी लेकर 1 लाख 90 हजार रूपये की धोखाधडी कर ली गई । फरियादी की रिपोर्ट पर तत्समय थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 479/22 धारा 420 ताहि कायम कर विवेचना में लिया गया था । वर्तमान पुलिस अधीक्षक उमरिया निवेदिता नायडू द्वारा प्रकरण के निकाल व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ठोस कार्यवाही करने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया । विवेचना टीम द्वारा प्रकरण में आरोपियों की निशादेही हेतु आवश्यक साक्ष्य संकंलन जैसे मोबाइल नंबरो की जानकारी, संलिप्त खातो की जानकारी इत्यादि महत्वपूर्ण साक्ष्यो को संकंलित कर बारीकी से खंगाला गया जिससे ज्ञात हुआ कि आरोपी का संबंध अचरौल (राजस्थान) से है । आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में भी प्रयास किये गये थे परंतु सफलता हाथ नही लगी लेकिन पुलिस टीम द्वारा प्रयास लगातार जारी रखे गये । पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया व अनु. अधि. पुलिस उमरिया के मार्गदर्शन में 02 आरोपियो को अचरौल (राजस्थान) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई । आरोपियों के नाम सचिन सवलानिया पिता गजेन्द्र सवलानिया उम्र 22 साल निवासी ग्राम अचरौल जिला जयपुर राजस्थान, महेन्द्र यादव पिता रामकरण यादव उम्र 22 साल निवासी ग्राम अचरौल जिला जयपुर राजस्थान है।

## सार-समाचार



# पाटन में बालरंग प्रतियोगिता आयोजित, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**पाटन, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड स्तर पर बालरंग प्रतियोगिता का आयोजन तान्या कान्वेंट स्कूल पाटन में हुआ। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कृष्ण कांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 16 प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित हुई है इन प्रतियोगिता मे विकासखंड के विभिन्न संकुलो से आये प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने अपने हुनर को दिखाने मे किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी। विकासखंड मे पहली बार इस प्रकार के आयोजन से बच्चों और पालको मे बहुत उत्साह था। आज जो प्रतियोगिता आयोजित हुई उनमे निबंध, चित्रकला,तात्कालिक भाषण, गायन,शास्त्रीय संगीत, वेदपाठ,स्वरचित काव्यपाठ इत्यादि थी। विकासखंड स्तर की इन प्रतियोगिता मे चयनित प्रतिभागी अब जिला स्तर की प्रतियोगिता मे शामिल होने जबलपुर जायेगे, जिला स्तर प्रतियोगिता 1 नवम्बर को आयोजित होंगी इस दौरान उपस्थित रहे रत्ना तिवारी, रौशनी मेहंदीरत्ता,प्रीती तिवारी,सुजीत ठाकुर,नीरज पटेल,विनोद साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इसी प्रकार निर्णायक मण्डल मे तान्या कान्वेंट के प्राचार्य चरण सिंह,सीएम राइज विद्यालय पाटन के प्राचार्य अनुज सेन, कन्या शाला पाटन की प्रभारी प्राचार्य गीता राजपूत, क्क्ष्ट पाटन मश्राम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# नगर विकास के नाम पर ठेकेदार के कर्मचारी कर रहे वाहनों से अवैध वसूली

## नगर परिषद के जिम्मेदार बेपरवाह

**डिंडोरी, देशबन्धु।** नगर परिषद ने विकास कर वसूलने के जिम्मा जिस ठेकेदार को दिया उसके कर्मचारी नगर परिषद द्वारा निर्धारित शुल्क से ज्यादा वाहनों से बेधड़क वसूल कर रहे है।और कही पर भी निर्धारित शुल्क की लिस्ट चस्पा नही की गयी है।शिकायत होने के बाद अब सी एम ओ ठेकेदार को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने की बात कह रहे है।

### लिस्ट चस्पा नहीं, मनमानी कर रहे कर्मचारी

विकास कर वसूलने का काम करने वाले ठेकेदार मदन सिंह ठाकुर के कर्मचारी ने एम एच 40 ए सी 7449 से नगर विकास कर के नाम पर 50 रुपये वसूल लिये जबकि निर्धारित शुल्क महज 20 रुपये है वो टैक्सी परमिट गाड़ी का। कर्मचारी सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि नगर परिषद द्वारा निर्धारित रेट लिस्ट में तीन पहिया ऑटो से 10 रुपये,छोटे वाहन चार पहिया वाहन से 15 रुपये,ट्रैक्टर व्यवसायिक 20,पिकअप वाहन 20 रुपये,छोटी बसे 20 से 32 सीटर 25 रुपये,बड़ी बस 50 से 60 सीटर 35 रुपये जेसीबी मशीन से 50 रुपये,ट्रक माल वाहक, 50 रुपये, दस चका ट्रक 100 रुपये , हार्वेस्टर से 100 रुपये वसूले जाने का प्रावधान है।ठेकेदार मदन कुमार ने वर्ष 2023-24 के लिये नगर विकास शुल्क वसूलने का ठेका 18 लाख 75 हजार, 931 रुपये में लिया है।जबकि प्रथम क़िस्त 4 लाख रुपये 68 हजार, 983 रुपये जमा किये है।

### सीएमओ बोले ठेकेदार को नोटिस जारी करेंगे

ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा वाहनों से अधिक विकास कर वसूलने और रेट लिस्ट चस्पा न करने के मामले में सी एम ओ सतेंद्र सालवार का कहना है कि ठेकेदार मदन सिंह ठाकुर को नोटिस जारी करेंगे और सभी जगह रेट लिस्ट चस्पा कराएंगे ।ताकि सबकी जानकारी में रहे और अधिक पैसा वसूल न किया जाए।

# आबकारी पुलिस ने अवैध शराब के 5 प्रकरण किए दर्ज

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माणए संग्रहणए परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु 21 सितम्बर को आबकारी विभाग वृत्त डिंडौरी में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई। जिसमें गंगालाल पिता गोगा ग्राम नारायणडीह से 6 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराबए हेमलता बाई पति देव सिंह ग्राम देवरा से 8 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराबए हीरावती पति संतोष ग्राम रंहगी से 7 लीटर हाथभट्टी शराब जप्त किया गया। मुखबिर सूचना से वार्ड क्रण् 02 सूबखार नाला के किनारे 25 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब प्लास्टिक के 2 डिब्बों में पाई गई जिसे मौके पर कार्यवाई कर जप्त किया गया है।

# पुलिस कप्तान के आदेश की अवेहलना कर रहे थाना प्रभारी

**पाटन देशबन्धु।** पाटन थाने में पदस्य कॉन्स्टेबल अनुराग रैकवार विगत 5 वर्षो से अंगद के पैर की तरह पाटन थाने में जम गया है इन पर समय समय पर शराब माफियाओं से साठ गांठ कर अवैध शराब बिकवाने के रूप मिलने वाले अवैध धन की वसूली करने के गंभीर आरोप लग चुके है। इनकी अनेक शिकायतों के चलते पूर्व थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने जिले के कप्तान साहब को प्रतिवेदन भेजकर कॉन्स्टेबल के ट्रांसफर की मांग की थी जिस पर कार्यवाही करते हुए अगस्त माह में इनके ट्रांसफर के आदेश जारी हुए थे लेकिन आज तक पाटन थाने से रिलीव नहीं हुए ऐसा क्या है पाटन थाना क्षेत्र में की अनुराग रैकवार यहां से रवानगी लेने तैयार नहीं हैं।

**इनका कहना**

जब इस संबंध में थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैने कॉन्स्टेबल अनुराग रैकवार का ट्रांसफर आदेश स्थगित करने के लिए मेरे द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक प्रतिवेदन भेजा है। इसलिए अनुराग को अभी रिलीव नहीं किया है।

**नवल आर्य,** थाना प्रभारी, पाटन

# यादव महासभा ने मनाई राधा अष्टमी



**पनागर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्ष यादव महासभा जबलपुर द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण का उत्सव राधा अष्टमी श्री राधा कृष्ण मंदिर तिलवारा घाट में बड़ी धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना की गई एवं अहीर नृत्य की टोलिया द्वारा प्रस्तुति की गई इस अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम में यादव महासभा की संभागीय अध्यक्ष विजय यादव प्रदेश महासचिव नरेश यादव जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़्डा प्रदेश सचिव बालबोध यादव सीताराम यादव गौतम यादव जिला ग्रामीण अध्यक्ष गुलाब यादव युवा ग्रामीण अध्यक्ष राकेश यादव यादव समाज की वरिष्ठ श्याम सुंदर यादव महादेव पहलवान राकेश यादव जनपद सदस्य मुलायम सिंह यादव मुंगेली पूर्व सरपंच भुल्लू यादव धर्मेंद्र यादव सरमन यादव मनीष यादव भाई लाल यादव संतोष यादव विक्की यादव चैन सिंह यादव राजकुमार यादव आदि सैकड़ो स्वजातीय बंधु उपस्थित थे कार्यक्रम संचालन रामकुमार यादव बड़्डा एवं आभार प्रदर्शन सीताराम यादव द्वारा किया गया।

# ग्रामीण महिलाओं के साथ हो रही धोखाधड़ी, जिम्मेदार मौन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर क्षेत्र में संचालित कियोस्क सेंटर व प्राइवेट बैंकिंग कंपनियों की आई डी से व आधार कार्ड से खाते से राशि निकालने का काम इस समय गांव गांव तेजी से चल रहा है और ग्रामीण क्षेत्र की इन भोली भाली महिलाओं को कियोस्क संचालक जमकर चूना लगा रहे है।

ऐसा ही एक ताजा मामला गोसलपुर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक के कियोस्क संचालक वासुदेव पटैल के यहां शंकर कॉलोनी गोसलपुर निवासी मनीषा साहू पिता राजेश साहू 24 जुलाई को अपने खाते से सात हजार निकलवाने गई परंतु कियोस्क संचालक वासुदेव पटैल ने महिला से अंगूठा लगवा कर उनके खाते से नौ हजार तीन सौ निकाल लिए और खाताधारी को सात हजार रुपए ही मिले मामले की उक्त जानकारी पीड़ित महिला को तब लगी जब महिला ने महीनो बाद अपनी पासबुक की एंट्री कराई पासबुक में प्राप्त राशि से ज्यादा एंट्री होने को देख महिला भौचक रह गई जब गरीब महिला के होश उड गये। जब पीडित महिला कियोस्क संचालक के पास जानकारी लेने गई तो कियोस्क संचालक ने उसे दुत्कार कर भगा दिया पीड़ित महिला ने मामले की लिखित शिकायत प्रमाण सहित थाना प्रभारी गोसलपुर एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा गोसलपुर के प्रबंधक को सौंप कर जांच की मांग की स्मरण रहे की इस समय महिलाओं के खाते में लाडली बहना की राशि आ रही है व अन्य शासकीय योजनाओं की भी राशि आ रही है जिस कारण महिलाए

कियोस्क संचालक सेंटर पर पहुचने वाली ग्रामीण क्षेत्र की अशिक्षित भोली भाली महिलाओं का फायदा उठाकर अंगूठे लगवा कर अधिक राशि आहरण कर ली जाती है ऐसी अनेक महिलाएं ठगी का शिकार हो चुकी है परंतु जानकारी के अभाव में पीडित संबंधित अधिकारियों को शिकायत नहीं कर पाते

### इनका कहना है

पीडित महिला द्वारा खाते से लेनदेन में हुई गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त हुई है जांच की जा रही है जांच में धोखाधड़ी के तथ्य सामने आते हैं तो वैधानिक कार्यवाही की जावेगी

**अनिल मिश्रा**
थाना प्रभारी, गोसलपुर

# न्यायिक मामलों में अनियमितताओं के चलते अधिवक्ता संघ ने सौंपा पाटन एसडीएम को ज्ञापन

**पाटन, देशबन्धु।** अधिवक्ता संघ के द्वारा विगत 15 वर्षों से एसडीएम कार्यालय पाटन में पदस्थ रीडर देवेन्द्र पाण्डेय एवं रीडर प्रमोद राव के द्वारा न्यायिक मामलों में हमेशा पक्षकारों को ये कह कर गुमराह करते थे की इस मामले में अधिवक्ता की कोई जरूरत नहीं पड़ती है यह काम हम आपका बिना अधिवक्ता लगाए उससे कम पैसों में करा देगें जिसके कारण पक्षकार इनके चंगुल में आसानी से फस जाता था फिर उस काम को कराने के एवज में इनके द्वारा लम्बी रकम की वसूली की जाती थी। इनके द्वारा न्यायालयीन कार्य दिवस को मनमाने ढंग से चलाने के समय समय पर गंभीर आरोप लगते रहे है इनका व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति उचित नहीं है। इसके अलावा राजस्व न्यायालयों में अधिवक्ताओं के प्रकरणों की सुनवाई हेतु दोपहर 02-00 बजे से 03-00 बजे का समय निर्धारित था लेकिन उस समय रीडर साहब ऑफिस से नदारद मिलते है वही राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई अधिकारी अपने चेम्बर में कर रहे है। शासन के नियम अनुसार कोई भी अधिकारी कर्मचारी एक ही स्थान पर 3 वर्ष से अधिक समय तक नहीं रह सकता है। लेकिन इनके ऊंचे रसूख और राजनैतिक पकड़ के चलते इनका आज तक पाटन से अन्य स्थान पर स्थानांतरण नहीं हुआ है। अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में लंबे समय से पदस्थ स्थानीय कर्मचारियों का तुरंत स्थानांतरण किया जाये इसके लिए जिला कलेक्टर ने नाम पाटन एसडीएम को ज्ञापन सौंपा इस दौरान उपस्थित रहे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर,अभिषेक अग्रवाल,केशव प्रताप सिंह,संदीप पटेल इसके अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहे।



# यात्री बस की चपेट में आने से डेविड बोरकर की दर्दनाक मौत

**कटंगी, देशबन्धु।** कटंगी थाना अंतर्गत कटंगी नगर के वार्ड 3 तुमसर रोड जनपद पंचायत के सामने 22 सितंबर की दोपहर 2 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिस हादसे में सटंगी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत आगरवाडा निवासी डेविड पिता रामचंद्र बोरकर उम्र 60 वर्ष की मौत हो गई। उल्लेखनीय हो कि यात्री बस तुमसर मार्ग से कटंगी बस स्टैंड की ओर आ रही थी और डेविड अपने किसी परिजन को कटंगी दुर्गा मंदिर तुमसर रोड के अंदर गली में छोड़ने गया हुआ था। डेविड गली से जैसे निकला और जनपद पंचायत के पास पहुंचा तो बस की चपेट में आ गया, उसके बाद नगर के नागरिकों की मदद से उसे एंबुलेंस द्वारा कटंगी सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। घटनास्थल पर डेविड की सांसे चल रही थी लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जिसके बाद कटंगी पुलिस द्वारा डेबिड का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है वहीं पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है । घटना के बाद पुलिस ने उक्त बस को हिरासत में ले लिया है पुलिस ने बताया कि बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई मामले की जांच की जा रही है।



# शादी की बात पर प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या

## जैतपुर पुलिस ने अंधी हत्या का किया खुलासा

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की जैतपुर पुलिस ने अंधे हत्या का पर्दाफाश कर लिया है। शादी की बात पर विवाद होने पर प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसके शव को नाले के पास फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

जैतपुर पुलिस ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम चकौड़िया के जंगल मे नाले के पास एक अज्ञात शव संदेहास्पद स्थिति में पड़ा हुआ। पुलिस द्वारा सूचना पर तत्काल मौके की कार्यवाही पूर्ण कर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं जांचकर्ता अधिकारी को जांच के संबंध में विस्तृत निर्देश दिये गये। जांच के दौरान अज्ञात मृतका के पहचान हेतु पुलिस द्वारा हरसंभव प्रयास किये गये। जो अज्ञात मृतिका की पहचान दयावती सह पति शंभू ऋ्सह गोंड़ उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गिरवा का होना पहचान किया गया। मृतका दयावती के पहचान के पश्चात परिजनो के कथन लेखबद्ध किये गये जिस पर पता चला कि मृतिका दयावती की शादी वर्ष 2006 मे शंभू ऋ्सह के साथ ग्राम गिरवा में हुई थी जिसके 3 बच्चे भी थे। दयावती ऋ्सह ठंडी के समय वर्ष 2019 मे मायके ग्राम बकही जाना कहकर ग्राम गिरवा से ग्राम मंजीरा एवं जुगू में अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगी थी।

पुलिस जांच के दौरान मृतिका दयावती ऋ्सह को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कही दुसरी जगह पर गला घोटकर हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिये ग्राम चकौडिया जंगल रोड किनारे नाला मे फेंकना, मृतिका का चेहरा छुपाने के लिए उसके चेहरे मे कंबल ढाक देना पाया गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा प्रारंभिक तौर पर मिले साक्ष्यों के आधार पर संदेही दिनेश सिह निवासी लुकामपुर थाना जैतपुर की पता तलाश कर रायपुर (छग) से दस्तयाब कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में संदेही ने बताया कि जनवरी 2023 में दयावती उर्फ दुर्गा सिह से उसकी मुलाकात शहडोल में हुई थी जिसके बाद दोनो में फोन पर बात-चीत होने लगी और प्रेम संबंध शुरू हो गया एवं दोनो अक्सर मिला भी करते थे। कुछ समय पश्चात दयावती उर्फ दुर्गा सिंह और उसके बीच शादी की बात को लेकर विवाद हुआ। उसे पता चला कि वह उसके गांव लुकामपुर आ गई है। अगले दिन सुबह वह दयावती उर्फ दुर्गा सिंह से मिला जिस पर पुनः शादी के बात को लेकर विवाद होने लगा। जिस पर उसके द्वारा दयावती सिंह के दुपटटे से उसका गला दबाकर हत्या कर दी गई। घर से बाहर आकर उसने यह बात बब्लू सिंह को बताई। जिसके बाद रात्रि में मोटर साईकल से शव को ग्राम चकौड़िया के नदी के किनारे जंगल में ले जाकर फेंक दिये। आरोपी के कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया गया। आरोपी दिनेश सिह एवं बब्लू सिंह दोनो निवासी ग्राम लूकामपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

अंधी हत्या के खुलासे में थाना प्रभारी जैतपुर निरीक्षक भानुप्रताप सिह, उप निरी. सी. एल. बरकडे, सउनि विजय बुंदेला, प्रधान आरक्षक मोहम्मद जाहिद, आरक्षक जयेन्द्र सिह, विजय कुमार महरा, नारेन्द्र सिह, राममोशन शर्मा, सोनू दुबे एवं सत्यप्रकाश मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विधानसभा में बहस के दौरान गायब रहने वाले विधायकों पर तृणमूल कांग्रेस करेगी कार्रवाई

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने उन विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला किया है, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा के पिछले दो महत्वपूर्ण सत्रों के दौरान बिना उचित आधार के और पार्टी के मुख्य सचेतक को सूचित किए बिना गायब थे। पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भविष्य में ऐसे दोषी विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करेंगी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में पार्टी की अंतर-अनुशासन समिति ने बुधवार देर शाम एक बैठक में निर्णय लिया, इसकी अध्यक्षता राज्य के संसदीय कार्य और कृषि मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने की। बैठक में राज्य के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, राज्य के बिजली मंत्री अरूप विश्वास और कोलकाता के मेयर और राज्य नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम सहित अन्य उपस्थित थे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि बंगाली नव वर्ष दिवस को पश्चिम बंगाल के लिए राज्य दिवस घोषित करने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर बहस के दौरान कई पार्टी विधायकों की अनुपस्थिति से मुख्यमंत्री विशेष रूप से नाराज हो गईं।

# पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम चुनाव




**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव अगले साल जनवरी के आखिरी

- परिसीमन की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी
- निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी

सप्ताह में होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव पैनल ने बताया कि नई जनगणना के अनुरूप की जा रही परिसीमन की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

ईसीपी ने कहा, उसने गुरुवार को परिसीमन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की और फैसला लिया कि प्रक्रिया से संबंधित आपत्तियों एवं सुझावों को सुनने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम लिस्ट 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईसीपी ने एक बयान में कहा कि इसके बाद 54 दिवसीय चुनाव कार्यक्रम पूरा होने के बाद अगले साल जनवरी (2024) के आखिरी सप्ताह में आम चुनाव होंगे। ईसीपी के बयान ने चुनावों को लेकर अनिश्चितता को समाप्त कर दिया है। दरअसल, पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली सरकार के नई जनगणना को मंजूरी देने के कदम ने चुनावी निकाय को चुनाव कराने से पहले नया परिसीमन करने के लिए बाध्य किया था, जिससे अनुचित देरी की आशंका पैदा हो गई थी। इस साल अगस्त में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के बाद, ईसीपी को 3 महीने की निर्धारित समय अवधि के भीतर चुनाव कराने की जरूरत थी, जिसका अर्थ है कि चुनाव 6 नवंबर से पहले नहीं होने चाहिए। हालांकि, ईसीपी ने कहा कि वह चुनावों से पहले नई सीमाएं खींचने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है, इसलिए 3 महीने की समयावधि के भीतर चुनाव कराना संभव नहीं है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री कल से चीन यात्रा पर

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल एक सप्ताह के लिए चीन की यात्रा पर रहेंगे। वह शनिवार (23 सितंबर) से यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान उनका अपने चीनी समकक्ष ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक करने का कार्यक्रम है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल चीनी समकक्ष ली के निमंत्रण पर चीन का दौरा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष मिन बहादुर श्रेष्ठ ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ उनकी बेटी गंगा दहल, विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद, जल आपूर्ति मंत्री महिंद्र राय यादव, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास बैरागी होंगे। 25 सितंबर को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल बीजिंग में ली से मुलाकात करेंगे जहां दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे, जिसके बाद कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे।बीजिंग में कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रचंड अपने कार्यक्रम के अनुसार चोंगकिंग शहर का दौरा करेंगे जहां वह चोंगकिंग कृषि विज्ञान अकादमी और अन्य संस्थानों की यात्रा करेंगे।




## चिली के स्वतंत्रता समारोह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत

**सैंटियागो,** (एजेंसियां)। चिली में 15 से 19 सितंबर तक वार्षिक स्वतंत्रता समारोह 'फिएस्टास पैट्रियास' के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कुल 25 लोगों की मौत हुई।

चिली के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार ग्यारह लोगों की मौत कुचलने से हुई, टक्कर से छह लोगों की, भिडंत से चार लोगों की और वाहनों के पलटने से चार लोगों की मौत हुई।

लोक निर्माण मंत्री जेसिका लोपेज ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कम मौत हुई हैं, वर्ष 2022 में 40 लोगों की मौत हुई थी। कारबिनेरोस (सैन्यीकृत पुलिस) के आदेश और सुरक्षा के राष्ट्रीय निदेशक एनरिक मोनरास ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नशे में गाड़ी चलाने के लिए कुल 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## आज का इतिहास

1739– रूस और तुर्की ने बेलग्राद शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
1803– असाय की लड़ाई में ब्रिटिश-भारतीय सेनाओं ने मराठा सेना को हराया।
1857– रूस का जंगी जहाज लेफोर्ट फिनलैंड की खाड़ी में तूफान में घिरने से 826 लोगों की मौत।
1862– महान राष्ट्रभक्त और राजनेता श्रीनिवास शास्त्री का जन्म।
1863– राव तुला राम का निधन।
1879– रिचर्ड रोड्स ने 'आडियोफोन' नामक सुनने में मदद करने वाली पहली मशीन बनाई।
1908– हिन्दी जगत सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' का जन्म।
1929– बाल विवाह निषेध विधेयक को मंजूरी दी गई। यह शारदा कानून के नाम से जाना गया।
1935– हिंदी और पंजाबी फ़िल्म अभिनेता प्रेम चोपड़ा का जन्म।
1955– पाकिस्तान ने बगदाद की संधि पर दस्तख्त किए।
1965– भारत और पाकिस्तान के युद्धिवराम का घोषणा।
1976– सोयूज-22 पृथ्वी पर वापस लौटा।
1983– कराची से अबुधाबी जा रहे गल्फ़ एयर विमान आतंकवादियों ने उड़ाया।
2000– सिडनी ओलम्पिक में अमेरिका की धाविका मैरियन जोन्स ने 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता।

## सुडोकू 6325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 6 | | | | | |
| 7 | | 3 | | | 1 | 8 | | 5 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 5 | 4 |
| | | 6 | | | | 9 | | |
| 4 | 7 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 9 | | | 1 | |
| 1 | | 9 | 8 | | | 3 | | 7 |
| | | | | | 3 | | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

**संसद से**

## बीजेपी ने नरेंद्र मोदी के रूप में दिया पहला ओबीसी प्रधानमंत्री -जेपी नड्डा

**नई दिल्ली**, 21 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की मांग की है। कांग्रेस को जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने नरेंद्र मोदी के रूप में देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री दिया है। इस पर विपक्ष के कई सांसद और एचडी देवेगौड़ा के समर्थक सदन में नाराज होकर शोर मचाने लगे। इन सांसदों का कहना था कि पहले ओबीसी प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा हैं। नड्डा ने इन सांसदों को शांत कराते हुए कहा कि देवेगौड़ा हमारे अपने हैं और वह कांग्रेस के लिए बोल रहे हैं। महिला आरक्षण विधेयक पर राज्यसभा में बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमने नारी को शक्ति के रूप में देखा, देवी के रूप में देखा और समाज को दृष्टि देने वाली के रूप में देखा। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी20 में दुनिया को बताया कि यह केवल नारी सशक्तीकरण नहीं, बल्कि नारियों के नेतृत्व में हो रहा विकास है।

## पीएम मोदी ने लोक सभा से महिला आरक्षण बिल पास करने के लिए सभी दलों के सांसदों का जताया आभार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोक सभा में सभी सांसदों, सभी राजनीतिक दलों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि कल (बुधवार) भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल था। इस सदन के सभी सदस्य उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को ऐतिहासिक समर्थन के साथ महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को पारित करने के लिए सभी सांसदों और सभी दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए और धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कल सबने जो योगदान दिया, समर्थन दिया और सार्थक चर्चा की, उसके लिए सदन के नेता के तौर पर सच्चे और पूरे दिल से आदरपूर्वक से वे धन्यवाद करते हैं, आभार जताते हैं और अभिनंदन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज राज्य सभा से भी इस बिल के पारित होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि आज राज्य सभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे, देश की मातृशक्ति का जो मिजाज बदलेगा, जो विश्वास पैदा होगा वो देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली एक अकल्पनीय, अप्रतीम शक्ति के रूप उभरेगा, ऐसा वह अनुभव करते हैं।

## राज्यसभा में पेश हुआ महिला आरक्षण बिल, आयोग तय करेगा महिला सीटें

नई दिल्ली। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (128 संविधान संशोधन विधेयक) पेश किया। यह बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। सरकार का कहना है कि बिल पास होने के बाद जनगणना होगी, सीटों का डीलिमिटेशन होगा। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी यह तय करने का कार्य डीलिमिटेशन आयोग करेगा। मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है, साथ ही दुनिया को दिशा दिखाने वाला एक महत्व महत्वपूर्ण कदम है। राज्यसभा में बिल पेश करते समय मेघवाल ने कहा कि इस बिल के माध्यम से लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें नारी शक्ति के लिए आरक्षित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से एससी एसटी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाएगा, इसलिए जनगणना और डीलिमिटेशन आवश्यक है।

## बांग्लादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले

**ढाका,** (एजेंसियां)। बंगलादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले सामने आए हैं और 21 लोगों की मौत हुयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि बुधवार को नए मामले सामने आने से इस वर्ष अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 1,76,810 हो गयी है और मृतकों की संख्या बढ़कर 850 तक पहुंच गयी है। इससे पहले, डीजीएचएस ने दो सितंबर को ने 21 मरीजों की मौत की सूचना दी थी। डीजीएचएस आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 53,002 मामले दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने बताया कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 1,65,680 है, जिसमें पिछले 24 घंटों में 2,833 नए मरीज ठीक हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जून-सितंबर की मानसून अवधि में देशभर में डेंगू बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है।



## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोविड-19 के देश पर प्रभाव की जांच की घोषणा की

**कैनबरा,** (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के देश पर प्रभाव की जांच की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मंत्री मार्क बटलर ने गुरुवार को इस जांच का शुभारंभ किया। सरकार ने कहा है कि इसके तहत जनवरी 2020 से कोविड 19 के स्वास्थ्य और शासन पर प्रभाव की जांच की जाएगी और यह परामर्श देगा कि भविष्य में देश में इस तरह की महामारियों के लिए कैसे तैयारी की जा सकती है। श्री अल्बानीज़ ने एक संयुक्त बयान में बटलर से कहा, यह जांच सरकार पर इसके प्रभाव को देखेगी और सलाह देगी कि क्या कारगर रहेगा कि भविष्य में किसी भी सबसे खराब परिस्थिति से आस्ट्रेलियाई लोगों को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं। जांच आर्थिक और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा की जाएगी। यह पैनल 12 महीने तक काम करेगा, इसकी अंतिम रिपोर्ट 30 सितंबर 2024 तक सामने आयेगी।



**कोरिया में पिछले साल कोरोना से सर्वाधिक मौतें**

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले साल कोविड-19 महामारी से रिकॉर्ड 3,72,939 मौतों हुई जो वर्ष 2021 से 17 .4प्रतिशत अधिक है। सांख्यिकी कोरिया के अनुसार, 2022 में मौतों की कुल संख्या 3,72,939 थी, जो एक साल पहले की तुलना में इस साल 17.4 प्रतिशत अधिक है। कोविड-19 महामारी के कारण 2022 में 31,280 मौतें हुईं, जो वर्ष 2021 की 5,030 मौतों से अधिक है। अस्सी या उससे अधिक उम्र वालों की मृत्यु की संख्या 2022 में 26.3 प्रतिशत बढ़कर 200,493 हो गई।

## पंजाब मूल के वांटेड गैंगस्टर की कनाडा में गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़,** (एजेंसियां)। पंजाब मूल के एनआईए-वांटेड गैंगस्टर सुक्खा दुनेके की गैंगवार में कनाडा के विन्निपेग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ये जानकारी दी।

सुखदूल सिंह उर्फ दुनेके कनाडा में खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था।

पंजाब में देविंदर बंबीहा गैंग का सहयोगी डुनेके फर्जी दस्तावेजों पर 2017 में कनाडा भाग गया था। उसका नाम राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा बुधवार को जारी 43 गैंगस्टरों की सूची में शामिल था, जिसमें उसकी अवैध संपत्तियों के बारे में जानकारी मांगी गई थी। उसकी हत्या जून में सरे में गैंग वॉर में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की तरह ही है। आईएएनएस ने टिप्पणी के लिए एनआईए के शीर्ष अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।




## राजनयिक विवाद के बीच पेंशन फंडों के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत-कनाडा राजनयिक तनाव बढ़ने के कारण कनाडाई पेंशन फंडों से निवेश वाली कंपनियों के शेयरों में बुधवार को गिरावट आई। यह जानकारी मीडिया की खबरों में दी गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कोटक महिंद्रा बैंक, ज़ोमैटो, नायका और इंडस टावर्स सहित कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) के पोर्टफोलियो शेयरों में 2.4 प्रतिशत तक की गिरावट आई। दूसरी ओर, डेल्हीवरी 0.5 प्रतिशत ऊपर हरे रंग में था। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा से भारत में विदेशी निवेश शीर्ष 10 में शुमार है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि कनाडा के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास लगभग 46,306 करोड़ रुपये की भारतीय इक्विटी है।

## श्रीलंका में पर्यटक होटलों की न्यूनतम दरों का निर्धारण

**कोलंबो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका ने कोलंबो नगर परिषद (सीएमसी) क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में स्थित पर्यटक होटलों के लिए न्यूनतम दरों के निर्धारण को लेकर असाधारण गजट जारी किया है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण (एसएलटीडीए) की अध्यक्ष प्रियंता फर्नांडो ने बताया कि नयी दरें आगामी एक अक्टूबर लागू होंगी। नयी दरें पांच सितारा पर्यटक होटल -100 अमेरिकी डॉलर, चार सितारा पर्यटक होटल -75 डॉलर, तीन सितारा पर्यटक होटल -50 डॉलर, दो सितारा पर्यटक होटल -35 डॉलर और एक सितारा पर्यटक होटल के लिए 20 डॉलर निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि दरों में सेवा शुल्क और अन्य लागू कर, शुल्क या प्रदान की गयी किसी भी अन्य सेवा के लिए लगाये गये शुल्क शामिल नहीं हैं। श्री फर्नांडो ने कहा कि गजट में उन लोगों के लिए भोजन की दरें भी निर्धारित की गयी हैं जिन्होंने कमरे बुक किये हैं। जो होटल एक महीने से कम अवधि के व्यवसाय के लिए निवास या अपार्टमेंट की श्रेणी में आते हैं, उन्हें दुगुना अधिभोग पर प्रति अतिरिक्त अतिथि 15 डॉलर या इसके बराबर रुपये का अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

## वर्ग पहेली 6325



**बायें से दायें:-**

१. बड़ी मुश्किल से
३. बाकायदा
५. गहाड़
६. बेइज्जत, अपमानित
७. प्रयासरत
९. सामयिक
१०. जिसके अधिकार को समाप्त कर दिया गया हो
१२. जहरीला
१३ छोटी टोकरी
१४. श्रीकृष्ण की पत्नी राधा की जन्मस्थली (उर्दू)
१७. जमीन में गड़ाना
१८. त्रुटिपूर्ण (उर्दू)
२०. प्राय:, अधिकतर
२२. पथप्रदर्शक (उर्दू)
२३. मानव खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. थोड़ा भी, किंचित मात्र
२. लिपिबद्ध (उर्दू)
३. गणेश
४. दरिंदा, पशु (उर्दू)
५. बीता हुआ समय
८. लोचदार होने का भाव
१०. बेरोजगार (उर्दू)
११. पूर्ति होना, खर्च होना
१२. अवसाद, उदासी
१३. कल्याण, शुभ
१४. समान,
१५. चौकन्ना, सतर्क
१७. छल, धोख, लुभावना (उर्दू)
१८. ज्योतिषी, गिनने वाला
१९. बहने के गुण वाले पदार्थ, द्रव
२२. लड़ाई, युद्ध

### वर्ग पहेली-6324

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | शि | २ कां | त | | | ३ अं | ध | ४ का | र |
| त | | ति | | ५ कु | त्सि | त | | र | |
| ६ प | त्थ | र | दि | ल | | ७ रि | स्थ | क | ८ र |
| दी | | ति | | ९ दे | हां | त | | | सा |
| | १० अ | त | ११ ए | व | | | १२ वि | मु | ख |
| | म | | कां | | १३ त | था | पि | | न |
| १४ स | ला | १५ म | त | | त्स | | १६ न | १७ फा | |
| वि | | हा | | १८ सु | म | १९ न | | स | |
| २० न | क्का | रा | | ग | | २१ वा | र्ता | ला | २२ प |
| य | | २३ ज | ग | म | गा | ना | | | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**परेशानी** दक्षिणी सीमा से प्रवेश करने वाले प्रवासियों की संख्या तेजी से बढ़ी

# अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर प्रवासियों की आमद में बढ़ोतरी

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य टेक्सास के सीमावर्ती शहर ईगल पास में 4,000 प्रवासी चले गए है। जिससे टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट को अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर अतिक्रमण की घोषणा करनी पड़ी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिकन गवर्नर ने एक्स पर कहा, मैंने बिडेन की नीतियों के कारण आधिकारिक तौर पर हमारी सीमा पर अतिक्रमण की घोषणा की। उन्होंने व्हाइट हाउस की सीमा नीति को बार-बार विफल बताते हुए कहा, हम एक सीमा दीवार, रेजर तार और समुद्री अवरोधों का निर्माण कर रहे हैं।



हम प्रवासियों को भी खदेड़ रहे हैं। फॉक्स न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार दक्षिणी सीमा से अमेरिका में प्रवेश करने वाले प्रवासियों की संख्या तेजी से बढ़ी है और सीमा अधिकारियों ने पिछले पांच दिनों में प्रवेश के बंदरगाहों और उनके बीच 45,000 से अधिक प्रवासियों का सामना किया है।

बिडेन प्रशासन ने बुधवार को घोषणा की है कि वह 31 जुलाई तक अमेरिका में प्रवेश करने वाले 470,000 से अधिक वेनेजुएला प्रवासियों को अस्थायी कानूनी दर्जा प्रदान करेगा।

यह पदनाम पात्र प्रवासियों के लिए अमेरिकी वर्क परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया को गति देगा, ताकि तनावपूर्ण आश्रय और सामाजिक सेवाओं वाले प्रवासियों का समर्थन करने के लिए संघर्ष कर रहे न्यूयॉर्क, शिकागो और अन्य शहरों पर दबाव कम हो सके।


## अमेरिकी ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन के रूप में चार्ल्स ब्राउन नियुक्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने वायु सेना के जनरल चार्ल्स ब्राउन को ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अगले चेयरमैन के रूप में पुष्टि की है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सीनेट ने बुधवार को 83-11 के भारी बहुमत से देश के शीर्ष सैन्य अधिकारी के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की और वह 1 अक्टूबर को पद ग्रहण करेंगे। ब्राउन मार्क मिले की जगह लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 25 मई को ब्राउन के नामांकन की औपचारिक घोषणा की थी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राउन की पुष्टि में कई महीनों की देरी सीनेटर टॉमी ट्यूबरविले द्वारा सेवा सदस्यों से संबंधित रक्षा विभाग की नीति के विरोध के चलते रोके जाने के कारण हुई। वह अमेरिकी सैन्य इतिहास में पहले अश्वेत सेवा प्रमुख थे, जब उन्हें 2020 में वायु सेना के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। कॉलिन पॉवेल के बाद संयुक्त प्रमुखों की अध्यक्षता करने वाले दूसरे अश्वेत अधिकारी हैं।

# खेल जगत

## एशियन गेम्स में ध्वजवाहक चुने जाने पर हरमनप्रीत ने कहा- मेरे लिए गर्व का क्षण

**हांगझोऊ**। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के साथ एशियाई खेलों 2023 के संयुक्त ध्वजवाहक के रूप में नामित किए जाने पर खुशी महसूस हो रही है। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में हरमनप्रीत ने कहा, एशियाई खेलों के लिए लवलीना बोरगोहेन के साथ संयुक्त ध्वजवाहक के रूप में नामित होना मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। यह और भी बड़े पैमाने पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर है। मैं इस अवसर पर हमारी बॉक्सिंग स्टार लवलीना को भी इसके लिए बधाई देना चाहूंगा। एशियाई खेलों 2023 में 12 टीमों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक दौर या समूह चरण और अंतिम दौर। प्रारंभिक दौर के लिए, टीमों को छह-छह टीमों के दो पूलों में विभाजित किया गया है।



# बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर हुआ मोटो जीपी भारत का पदार्पण




**ग्रेटर नोएडा**। रफ्तार और रोमांच के दीवानों का मनपसंद इवेंट मोटो जीपी का शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर आगाज हो गया।

22 से 24 सितंबर तक चलने वाले इस पहले मोटो जीपी भारत के तहत शुक्रवार को मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी के प्रैक्टिस सेशन की शुरुआत हुई। मुख्य रेस और उसके पहले क्वालीफाइंग रेस रविवार 24 सितंबर को आयोजित होगी।

इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ व प्रतिनिधि भी इवेंट में शिरकत करने के लिए यूपी आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है। यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। साथ ही मोटो जीपी ने खेल के माध्यम से रोड सेफ्टी और रोड टू मोटोजीपी कार्यक्रमों जैसे सोशल इनीशिएटिव्स से मोटरसाइकिल सेक्टर और उससे आगे के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में जो काम किया है वह सकारात्मक बदलाव लाया है।

मोटो जीपी भारत को लेकर सिर्फ यूपी और देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में लोग चर्चा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहली बार हो रहे इस आयोजन को लेकर यूपी और भारत की तारीफ कर रहे हैं। साइलेंट रॉकस्टार नाम के एक एक्स यूजर ने लिखा कि मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैं मोटो जीपी भारत को लाइव देख रहा हूं। इसी तरह मैट ओक्सली ने लिखा कि निश्चित रूप से बुद्ध इंटरनेशल सर्किट एक बेहतरीन ट्रैक होगा। जयदेवन प्रभाकरन ने लिखा कि एफ-1 जीपी के बाद बीआईसी का मोटो जीपी को होस्ट करना रोमांचक है। डेनोवान पीस ने लिखा कि इस ट्रैक पर ओवरटेक करना मुश्किल है, खासतौर पर जब बाइक्स स्ट्रेट चल रही हैं। यह बेहतरीन ट्रैक है। निवेथा जेसिका ने लिखा कि पहली मोटो जीपी भारत के कारण यहां के लोगों को वर्ल्ड चैंपियन रेसिंग का गवाह बनने का मौका मिला है। सितारों से मिलकर बेहद खुशी हो रही है।

# बुमराह सभी प्रारूपों में नंबर एक गेंदबाज हैं : क्रिस वोक्स




**नई दिल्ली**। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी क्रिस वोक्स ने भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सराहना करते हुए उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट तेज गेंदबाज बताया। वोक्स बुमराह के अनूठे एक्शन से प्रभावित दिखे, जो उन्हें सफेद गेंद के प्रारूप में घातक बनाता है।

विजडन क्रिकेट मंथली से बात करते हुए इंग्लिश स्टार ने कहा, मुझे लगता है कि शायद सभी फॉर्मेट में जसप्रीत बुमराह नंबर 1 हैं। वह जो करता है उसमें बहुत सनसनीखेज है और वह अद्वितीय है। उनका एक्शन किसी भी अन्य से बहुत अलग है और उनके पास तेज़ गति, धीमी गेंद, बेहतरीन यॉर्कर – वह सब कुछ है जो आपको एक सफेद गेंद गेंदबाज के रूप में चाहिए होता है। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद 11 महीने के अंतराल के बाद बुमराह एक्शन में लौटे, जिसमें उनकी पीठ की सर्जरी हुई। अपनी वापसी पर, तेज गेंदबाज ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व किया, जहां वह 2 मैचों में 4 विकेट लेने में सफल रहे क्योंकि तीसरा टी20 बारिश के कारण रद्द हो गया।

बुमराह ने एशिया कप 2023 में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया और भारत को श्रीलंका में रिकॉर्ड आठवां एशिया कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सितंबर 2022 में, बुमराह को पीठ में चोट लग गई जिसके कारण उन्हें एशिया कप और टी20 विश्व कप सहित कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं से हटना पड़ा। मार्च 2023 में न्यूजीलैंड में उनकी पीठ की सर्जरी हुई थी और तब से वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास प्राप्त कर रहे थे।

पिन-पॉइंट और अनुशासित गेंदबाजी और सटीक लेंथ के साथ बुमराह का स्लिंगिंग एक्शन उन्हें दूसरों से अलग करता है, जो उन्हें सभी प्रारूपों में सामना करने वाले सबसे कठिन गेंदबाजों में से एक बनाता है। डेथ ओवरों में उनकी धीमी गेंदें और यॉर्कर बल्लेबाजों के लिए एक बुरा सपना हैं।

आगामी विश्व कप 2023 में भारत के लिए गेंदबाज़ के रूप में बुमराह उतरेंगे और भारतीय पिचों के साथ वह सबसे घातक गेंदबाज बन जायेंगे।

# शाह की जगह हसन को पाकिस्तान टीम में जगह

**लाहौर**। एशिया कप के दौरान चोटिल नसीम शाह की जगह पाकिस्तान ने विश्व कप के दल में हसन अली को जगह दी है जबकि उसामा मीर अतिरिक्त लेग स्पिनर की भूमिका में टीम में होंगे। विश्व कप के लिये पाकिस्तान के 15 सदस्यीय दल में हसन के अलावा शाहीन शाह अफ़रीदी, हारिस रउफ़ और मोहम्मद वसीम जूनियर तेज़ गेंदबाज़ी की बागडोर संभालेंगे। टीम में मोहम्मद हारिस को बल्लेबाजों की सूची में रिज़र्व में रखा गया है। स्पिन गेंदबाज़ी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज़ ने टीम में अपनी जगह को बरकरार रखा है, लेकिन फ़हीम अशरफ़ टीम का हिस्सा नहीं हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार मुख्य चयनकर्ता इंज़माम-उल-हक़ ने कहा, नसीम हमारे मुख्य गेंदबाज़ थे लेकिन उनका चोटिल होना अफ़सोस की बात है। मोहम्मद हसनैन चोटिल होकर बाहर हैं और इहसानउल्लाह भी। अगर आप हालिया प्रदर्शन देखें, तो हसन अली ने काफ़ी प्रभावित किया है। वह नई गेंद से कई बार पाकिस्तान के लिए बड़े टूर्नामेंट खेल चुके हैं। जब नसीम बाहर हुए थे तब हमें ऐसा गेंदबाज़ चाहिए था को नई गेंद के साथ सहज हो। वह एक टीम खिलाड़ी हैं और उनके होने से पूरे दल में ऊर्जा भी बढ़ेगी। दुर्भाग्यवश, डॉक्टर के रिपोर्ट के हिसाब से नसीम काफ़ी समय के लिए बाहर रहेंगे। मेरी नज़र में इस दौरान वह दुनिया के सबसे बेहतरीन गेंदबाज़ थे। हसन जून 2022 के बाद किसी वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच में नहीं दिखे हैं। साथ ही इस वर्ष के जनवरी में न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध टेस्ट के बाद वह पाकिस्तान के लिए भी नहीं खेले हैं।



पीसीबी ने गुरुवार को जारी किए एक बयान में बताया था कि अध्यक्ष ज़का अशरफ़ कप्तान बाबर आज़म, उपकप्तान शादाब ख़ान और सपोर्ट स्टाफ़ से मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न और गेंदबाज़ी कोच मोर्ने मॉर्कल से मिले थे। इस भेंट में तकनीकी कमेटी के सदस्य, मिस्बाह-उल-हक़ और मोहम्मद हफ़ीज़ भी मौजूद थे। ऐसा समझा गया है कि इस बैठक में पाकिस्तान के विश्व कप दल के गठन को लेकर काफ़ी लंबी बहस चली। दल के नामांकित किए जाने से एक दिन पहले हफ़ीज़ ने इस कमेटी से इस्तीफ़ा भी दिया। विश्व में शीर्ष रैंकिंग की टीम होने के बावजूद पकिस्तान के लिए इस विश्व कप से पहले के कुछ नतीजे चिंताजनक रहे हैं। भारत से करारी शिक़स्त के बाद उन्हें श्रीलंका ने भी नाटकीय अंदाज़ में हराया। एशिया कप के दौरान नसीम के साथ रउफ़ भी चोटिल हुए थे। टूर्नामेंट में अलग-अलग लम्हों पर शाहीन, आग़ा सलमान और इमाम-उल-हक़ भी निगल या चोट से परेशान हुए थे। पाकिस्तान को न्यूज़ीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ वॉर्म-अप मैच खेलने के बाद अपना विश्व कप अभियान नीदरलैंड्स के विरुद्ध छह अक्तूबर को हैदराबाद में शुरू करना होगा।

पाकिस्तानी टीमः फ़ख़र ज़मान, इमाम-उल-हक़, अब्दुल्लाह शफ़ीक़, बाबर आज़म (कप्तान), मोहम्मद रिज़वान, सऊद शकील, इफ़्तिख़ार अहमद, आग़ा सलमान, शादाब ख़ान, उसामा मीर, मोहम्मद नवाज़, शाहीन शाह अफ़रीदी, हारिस रउफ़, मोहम्मद वसीम जूनियर, हसन अली।


## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंडला क्रं.02 (म.प्र.)

क्रमांक/653/ग्रा.यां.सेवा/2023 मण्डला दिनांक 18/09/2023

### सामग्री की दरें हेतु (ऑफ लाइन निविदा )आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2023-24

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से सामग्री की दरें हेतु आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/निविदा/2023-24 दिनांक 08/09/2023 द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मण्डला क्रमांक 02 जनपद पंचायत मोंहगांव के मनरेगा योजनांतर्गत ग्रेवल रोड निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री के क्रय हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र ऑफलाईन क्रय करने का प्रारंभ दिनांक 25/09/2023 समय 10.30 बजे से दिनांक 27/09/2023 समय शाम 5.30 तक रहेगी। तथा सामग्री की दरें (बंद लिफाफा) इस कार्यालय में दिनांक 25/09/23 समय 10.30 बजे से दिनांक 27/09/23 समय शाम 5.30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे प्रपत्र क्रय करने हेतु विस्तृत विवरण शर्ते अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में इस कार्यालय में देखी जा सकती है प्राप्त सामग्री की दरें दिनांक 29/09/23 को 3.30 बजे से उपस्थित सभी निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मण्डला क्रं. 02

G-20027/23


# कपिल देव ने पेश की भारत की टॉप प्रतिभा के साथ पहली ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियन्स लीग

**नई दिल्ली**। क्रिकेट जगत के दिग्गज कपिल देव जिन्हें भारतीय क्रिकेट में उल्लेखनीय योगदान के लिए जाना जाता है, वे ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियन्स लीग का लॉन्च करने जा रहे हैं। यह शानदार आयोजन देश के विभिन्न भागों से गोल्फ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मंच पर लेकर आएगा। लीग की शुरूआत सितम्बर को होगी, जहां गोल्फ़र्स को अपने कौशल, सटीकता एवं खेल के प्रति जुनून को दर्शाने का अवसर मिलेगा।ट्रिनिटी गोल्फ चैम्पियन्स लीग में चार रीजनल टीमें होंगी, हर टीम में 20 शौकीन गोल्फर, एक सेलेब्रिटी गोल्फर, दो पुरूष एवं दो महिला पेशेवर गोल्फर शामिल होंगे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा कि गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसमें कौशल, धैर्य एवं अनुशासन की ज़रूरत होती है और यह लीग शौकीन एवं पेशेवर खिलाड़ियों को ऐसा मंच प्रदान करेगी, जिसके माध्यम से उन्हें गोल्फ के प्रति अपने जुनून और अपनी प्रतिभा को दर्शाने का मौका मिलेगा। टूर्नामेन्ट 3 दिनों तक चलेगा और इसमें बैटर बॉल (उदो बार), ऑल्टरनेट शॉट्स एण्ड सिंगल्स के फोर्मेट में 4 राउण्ड खेले जाएंगे। खिलाड़ियों को अपनी हैण्डीकैप बकेट्स में प्रतिस्पर्धा करनी होगी।

# अरुणाचल के खिलाड़ियों का वीजा विवाद पर भारत सख्त

**हांगझोऊ**। भारत और चीन में एक बार फिर गहमागहमी तेज हो गई है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को एशियन गेम्स में एंट्री नहीं दी है, जिसके बाद भारत सरकार ने उसे करारा जवाब दिया। अब चीन ने इस मुद्दे पर अपनी सफाई दी है। चीन के अरुणाचल प्रदेश की तीन वुशू खिलाड़ियों को उचित मान्यता के बजाय स्टेपल वीजा जारी करने पर भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अब, चीन के एक वरिष्ठ ओलंपिक अधिकारी ने अपने देश का बचाव करते हुए कहा कि उसे अलग-अलग खिलाड़ियों को अलग-अलग वीजा देने का अधिकार है। ओसीए समन्वय आयोग के सदस्य और एशिया ओलंपिक परिषद के मानद आजीवन उपाध्यक्ष जिझोंग वेई ने दावा किया कि तीन वुशु खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार नहीं किया गया था, बल्कि विभिन्न प्रकार के वीजा दिए गए थे, जिन्हें उन्होंने लेने से इनकार कर दिया।



इसलिए वो एशियन गेम्स में शामिल नहीं हो पाए। अरुणाचल प्रदेश की तीन महिला वुशु खिलाड़ी – न्येमान वांगसु, ओनिलु टेगा और मेपुंग लाम्गु बुधवार रात दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से चीन के लिए उड़ान भरने वाली थी लेकिन उड़ान नहीं भर सके क्योंकि उनमें से दो को हांगझोऊ एशियाई खेल आयोजन समिति (एचएजीओसी) द्वारा मान्यता से इनकार करने के बाद चीनी अधिकारियों द्वारा स्टेपल वीजा दिया गया था। भारत सरकार ने स्टेपल्ड वीज़ा लेने से इनकार कर दिया और दोनों खिलाड़ी फ्लाइट नहीं ले सके। एक खिलाड़ी, जिसे मान्यता दी गई थी।

# अंतिम पंघाल को कांस्य पदक के साथ मिला 2024 ओलंपिक का कोटा

**बेलग्रेड**। भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में स्वीडन की दो बार की यूरोपीय चैंपियन एम्मा जोना डेनिस मालमग्रेन को हराकर कांस्य पदक जीता।

सर्बिया के बेलग्रेड में गुरूवार को खेले गये इस मुकाबले में अंतिम पंघाल ने कांस्य पद जीतने के साथ पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया है। ग्रीष्मकालीन खेलों के आगामी संस्करण के लिए कुश्ती में यह देश का पहला कोटा है। ओलिंपिक डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, दो बार की अंडर-20 विश्वचैंपियन अंतिम पंघाल ने जोना मालमग्रेन पर दबाव बनाते हुए तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कांस्य पदक मुकाबले को 16-6 से जीत लिया।

इससे पहले, अंतिम पंघाल ने शुरुआती दौर में 2022 विश्वचैंपियन अमेरिका की डोमिनिक ओलिविया पैरिश को 3-2 से हराया था।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला छिन्दवाड़ा

Telephone: 07161.230508; E-mail: cmodongarparasiya@mpurban.gov.in

क्रमांक 747/PWD/NPP/2023 डोंगर परासिया, दिनांक 20-09-2023

### //द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2023_UAD_285930_2 दि. 21-09-2023, | एस.डी.एम.एफ. योजनांतर्गत विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य | 6 माह 92,68,000/- | 10,000/- 69,600/- | 07-10-2023 |

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया, जिला छिन्दवाड़ा(म.प्र.)



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिवनी (म.प्र.)

क्रमांक /4233/न.पा.प./ 2023 सिवनी, दिनांक /21/09/2023

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_310149 | टैगोर वार्ड में हनुमान व्यायामशाला मैदान एवं हनुमान व्यायामशाला से बरघाट नाका तक सड़क के दोनों ओर चेंबर ब्लॉक फिक्सिंग कार्य। | 1 माह 243776 | 2000 2500 | 09/10/2023 |
| 2 | 2023_UAD_310150 | भगतसिंह वार्ड में बुधवारी तालाब के किनारे शंकर मढिया के पास निर्मित नगरपालिका शॉपिंग कॉम्पलेक्स दुकानों के फाउन्डेशन का मरम्मत कार्य। | 45 दिवस 491138 | 2000 5000 | 09/10/2023 |
| 3 | 2023_UAD_310152 | विवेकानंद वार्ड में 1. लक्ष्मी सनोडिया के घर से कटंगी रोड रेल्वे क्रासिंग ब्रिज तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य राशि-657067/- 2. नेमाजी के घर से कटंगी मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य राशि-318080/- (द्वितीय निविदा) | 2 माह 975147 | 2000 9800 | 09/10/2023 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/ वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, सिवनी



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक 15.09.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउन लोड / क्रय करने की दिनांक 15.09.2023 से प्रारंभ है।

**कार्य का नाम** – छिन्दवाड़ा जिले के खण्ड परासिया के अंतर्गत विकासखण्ड तामिया, जामई एवं हर्रई के ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 180 मी. गहरे साधारण सफल नलकूप का फास्टरिंग द्वारा खनन कार्य सहित समस्त कार्य (बी.ओ.क्यू. के अनुसार)

| ई-टेण्डर आई.डी. क्र. | निविदा क्रमांक / दिनांक | विकासखंड का नाम | अनुमानित लागत (रू) में | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि / समय | बिड ओपन करने की तिथि / समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_PHED_308200_1 | 51/2023-24 15.09.2023 | तामिया | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | लो.नि.वि. म.प्र. के नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 60 दिन |
| 2023_PHED_308204_1 | 52/2023-24 15.09.2023 | तामिया | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | | 60 दिन |
| 2023_PHED_308206_1 | 53/2023-24 15.09.2023 | जामई | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | | 60 दिन |
| 2023_PHED_308207_1 | 54/2023-24 15.09.2023 | जामई | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | | 60 दिन |
| 2023_PHED_308208_1 | 55/2023-24 15.09.2023 | हर्रई | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | | 60 दिन |
| 2023_PHED_308221_1 | 56/2023-24 15.09.2023 | हर्रई | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | | 60 दिन |
| 2023_PHED_308222_1 | 57/2023-24 15.09.2023 | हर्रई | 5954913 | 59550 | 10000 | 29.09.2023 5.30PM | 30.09.2023 5.30PM | | 60 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही कय किए जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेबसाईड पर देखी जा सकती है।

G-20017/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग -खण्ड परासिया (म.प्र.)

| SENSEX | BSE 66009.15 ▼ 221.09 | NSE 19674.25 ▼ 68.10 | MCX | Gold 59920 ▲ 98 | silver 73631 ▲ 563 |
|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## ऑनलाइन होगी आईटी हार्डवेयर आयात मंजूरी प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को आईटी हार्डवेयर कंपनियों से कहा कि लैपटॉप, टैबलेट, सर्वर आदि के लिए आयात मंजूरी प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी. सरकार ने कंपनियों से मोबाइल, आईटी और दूरसंचार उत्पादों के आयात का पिछले तीन साल का आंकड़ा भी मांगा है.एक सूत्र ने कहा कि संबंधित कंपनियों को बता दिया गया है कि आयात प्रबंधन प्रणाली पोर्टल इस महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा. इसका प्रबंधन विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) करेगा.उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने कंपनियों को सूचित कर दिया है कि आयात प्रबंधन प्रणाली सितंबर के अंत तक शुरू हो जाएगा. इसका प्रबंधन डीजीएफटी करेगा।



## वित्त मंत्रालय को जोखिमों के बावजूद वित्त वर्ष 24 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का भरोसा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मानसून की कमी के जोखिमों के बावजूद देश चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर लेगा। इसका प्रमुख कारण कंपनियों की लाभप्रदता, निजी पूंजी निर्माण और बैंक ऋण वृद्धि का बेहतर होना है। वित्त मंत्रालय की अगस्त महीने की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर के पीछे मजबूत घरेलू मांग, खपत और निवेश मुख्य वजह थी। जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आदि जैसे विभिन्न उच्च-आवृत्ति संकेतकों में भी वृद्धि दर्ज की गई। मासिक समीक्षा में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी, अगस्त में मानसून की कमी का खरीफ एवं रबी फसलों पर असर जैसे कुछ जोखिमों का भी उल्लेख किया गया है। इसके मुताबिक इन जोखिमों का आकलन करने की जरूरत है। हालांकि सितंबर में हुई बारिश ने अगस्त में बारिश की कमी की काफी हद तक भरपाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट आने से अब घरेलू शेयर बाजार में भी गिरावट का जोखिम बना हुआ है। इन जोखिमों की भरपाई कंपनी लाभप्रदता, निजी क्षेत्र के पूंजी निर्माण, बैंक ऋण वृद्धि और निर्माण क्षेत्र में गतिविधियां कर रही हैं।

## निर्यात पर अंकुश से घटने लगा गैर बासमती चावल का निर्यात



*नई दिल्ली। गैर बासमती चावल निर्यात पर अंकुश का असर दिखने लगा है। इस चावल के निर्यात में अब गिरावट दर्ज की जा रही है। केंद्र सरकार ने बढ़ती कीमतों को काबू में करने के लिए इस साल 20 जुलाई को गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। देश से निर्यात होने वाले कुल गैर बासमती चावल में इसकी हिस्सेदारी 25 फीसदी है। इसके पहले पिछले साल सितंबर में टूटे चावल का निर्यात भी रोक दिया गया था।*

**गैर बासमती चावल का निर्यात घटा, बासमती का बढ़ा**-कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण(एपीडा) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जुलाई अवधि में 53.58 लाख टन गैर बासमती चावल का निर्यात हुआ, जबकि पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 58.16 लाख टन था। इस तरह चालू वित्त वर्ष में जुलाई तक गैर बासमती चावल के निर्यात में 2.77 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। आगे इसके निर्यात में और गिरावट आ सकती है क्योंकि कुल गैर बासमती चावल में 25 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले गैर बासमती सफेद चावल पर 20 जुलाई से रोक लगा दी गई है। जिसका असर आगामी महीनों के निर्यात आंकड़ों में दिखेगा। गैर बासमती चावल के उलट बासमती चावल के निर्यात में इजाफा हुआ है। इस साल अप्रैल-जुलाई अवधि में 16.09 लाख टन बासमती चावल का निर्यात हुआ है, जो पिछली समान अवधि में निर्यात हुए 15.06 लाख टन बासमती चावल से 13.19 फीसदी अधिक है।

**प्रमुख कमोडिटी के निर्यात में गिरावट**-चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रमुख कमोडिटी के निर्यात में भी सुस्ती देखी जा रही है। वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जुलाई अवधि में 839.3 करोड़ डॉलर मूल्य की प्रमुख कमोडिटी का निर्यात हुआ है, जो पिछली समान के 958.9 करोड़ डॉलर की तुलना में 12.37 फीसदी कम है। मूल्य के लिहाज से पशु उत्पादों के निर्यात में 8.85 फीसदी, अनाजों के निर्यात में करीब 22 फीसदी, फूलों के निर्यात में 5.78 फीसदी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात में करीब एक फीसदी गिरावट आई है। हालांकि ताजे फल व सब्जी के निर्यात में करीब 16 फीसदी इजाफा हुआ है।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी

### , सेंसेक्स 221 अंक टूटा, निफ्टी 19,700 के नीचे

*मुंबई। ग्लोबल मार्केट से मिले कमजोर रुझानों के कारण हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद लगातार चौथे सत्र में लाल निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई।*



आज के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 221 अंक टूटा। वहीं, निफ्टी भी 68 अंको की गिरावट दर्ज की गई। जेपी मॉर्गन द्वारा अपने इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड को शामिल करने के फैसले से शेयर बाजार को दम मिला और शुरुआती कारोबार में तेजी आई, हालांकि थोड़ी देर बाद ही बाजार ने बढ़त गवा दी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 221.09 अंक यानी 0.33 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 66,009.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,445.47 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,952.83 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 68.10 अंक यानी 0.34 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,674.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,798.65 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,657.50 तक आया।

**इंडसइंड बैंक के शेयर में 2.79 फीसदी की उछाल**-आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 13 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। इंडसइंड बैंक, मारुति, एसबीआई, एमएंडएम और एशियन पेंट्स सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा इंडसइंड बैंक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 2.79 फीसदी तक चढ़े।

**इन शेयरों में आई गिरावट**- वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 17 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। विप्रो, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और सन फार्मा सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे।

## पॉलीकैब इंडिया की अब एक नई ब्रांड पहचान - 'आइडियाज.कनैक्टेड'

*मुंबई। भारत की सबसे बड़ी वायर और केबल निर्माता और सबसे तेजी से बढ़ती एफएमईजी कंपनियों में से एक पॉलीकैब इंडिया ने अपनी एकदम नई ब्रांड पहचान को लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई फिलॉस्फी का भी खुलासा किया है।*

नई ब्रांड पहचान और नई फिलॉस्फी में कंपनी का भविष्य का बिजनेस रोडमैप झलकता है। प्रोजेक्ट लीप के तहत पॉलीकैब एक उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। तारों और केबलों के निर्माण में अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध होने के बावजूद, पॉलीकैब आधुनिक जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और सस्टेनबल बनाने के लिए बेहतर इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज पेश करने का प्रयास कर रही है। खास बात यह है कि इस दिशा में कंपनी लगातार अपने क्षितिज का विस्तार करने की दिशा में जुटी हुई है। कंपनी की रीब्रांडिंग सिर्फ विजुअल आइडेंटिटी या ब्रांड आर्किटेक्चर में बदलाव नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी फिलॉस्फी है, जो इनोवेशन, टैक्नोलॉजी, सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी के प्रति पॉलीकैब की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इन सबसे ऊपर है ब्रांड का उद्देश्य यानी 'सभी को एक उज्जवल भविष्य से जोड़ना'। ब्रांड की यह नई विचारधारा दरअसल इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस मार्केट में ग्राहकों की पसंद का अग्रणी ब्रांड बनने के पॉलीकैब के विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्रांड रिफ्रेश की कल्पना और डिजाइन इंटरब्रांड ने की है। नई विजुअल पहचान भोर के रंगों को दर्शाती है, जो नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए पॉलीकैब की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ ही इसमें उगते सूरज की झलक नजर आती है और कंपनी के अभिनव दृश्य प्रतीक में पॉलीकैब नाम में एक प्रमुख ध्वनि 'ओ' अक्षर को शामिल करके एक उज्जवल भविष्य की ओर सभी को एकजुट करने के विजन को दर्शाया गया है।

## गेहूं और आटे के दाम काबू में रखने के लिए सरकार ने खुले बाजार में बेचा 18.09 लाख टन गेहूं



**नई दिल्ली।** गेहूं की कीमतों में तेजी पर लगाम लगाने और आटे के दाम को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने हाल ही में कई प्रयास किए हैं. इन्हीं में से एक के बारे में आज केंद्र सरकार ने जानकारी भी दी है. सरकार ने खुला बाजार बिक्री योजना या ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत 13 ई-नीलामी में 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है. इससे गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों को कम करने में मदद मिली है. 18.09 लाख टन गेहूं की ये ई-नीलामी थोक ग्राहकों को केंद्रीय पूल से की गई है.

**कब किया था सरकार ने खुले बाजार में गेहूं और चावल बेचने का एलान**- केंद्र सरकार ने नौ अगस्त को ऐलान किया था कि वह थोक ग्राहकों को ओपन मार्केट सेल स्कीम के तहत अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल बेचेगी. साप्ताहिक ई-नीलामी के जरिए गेहूं 2125 रुपये प्रति क्विंटल के रिजर्व प्राइस पर बेचा जा रहा है, जो मौजूदा एमएसपी यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस के बराबर है. खाद्य मंत्रालय के मुताबिक, 21 सितंबर तक कुल 13 ई-नीलामी आयोजित की गई जिसमें स्कीम के तहत 18.09 लाख टन गेहूं बेचा गया है. वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश भर में 480 से अधिक डिपो से हर हफ्ते होने वाली साप्ताहिक नीलामी में दो लाख टन गेहूं की पेशकश की जा रही है.

**खाद्य मंत्रालय ने और क्या कहा**- खाद्य मंत्रालय के बयान के मुताबिक ओएमएसएस नीति को सफल तरीके से लागू करने के जरिए ये पता चला कि खुले बाजार में गेहूं की कीमतें काबू में रही हैं.

साथ ही खाद्य मंत्रालय के मुताबिक 2023-24 की बाकी बची अवधि के लिए ओएमएसएस पॉलिसी को जारी रखने के लिए सेंट्रल पूल में गेहूं का पर्याप्त भंडार है.

खाद्य आपूर्ति मंत्रालय ने कहा कि हरेक साप्ताहिक ई-नीलामी में बेची गई मात्रा, प्रस्तावित मात्रा के 90 फीसदी से ज्यादा पर नहीं गई जो इस बात दिखाती है कि देश भर में गेहूं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है.

बयान के मुताबिक गेहूं के वेटेज औसत बिक्री मूल्य में गिरावट के रुख से पता चलता है कि खुले बाजार में गेहूं की बाजार कीमतें नरम पड़ी हैं.

मंत्रालय ने कहा कि ई-ऑक्शन गेहूं का वेटेज औसत बिक्री मूल्य अगस्त में 2254.71 रुपये प्रति क्विंटल था, जो 20 सितंबर को घटकर 2,163.47 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60600 चांदी टंच-74150 चांदी रिफाइन -75200

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60600 चांदी टंच-74150 चांदी रिफाइन -75200


## जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाले लोगों की खैर नहीं, आरबीआई उठाने जा रहा सख्त कदम

*नई दिल्ली। बैंकों से कर्ज लेकर जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाले लोगों की जल्द परेशानी बढ़ने वाली है। दरअसल, आरबीआई ने विलफुल डिफॉल्टर यानी जानबूझकर कर्ज न चुकाने वाले पर सख्ती करने के लिए एक मसौदा जारी मास्टर प्लान जारी किया है।*

इसमें जानबूझकर कर्ज नहीं लौटाने वालों की परिभाषा तय की गई है। विलफुल डिफॉल्टर श्रेणी में उन लोगों को रखा गया है, जिनके ऊपर 25 लाख रुपये या उससे अधिक का कर्ज है और भुगतान क्षमता होने के बावजूद उन्होंने उसे लौटाने से इनकार कर दिया। आरबीआई ने नए दिशानिर्देश के मसौदे पर बैंकों और संबंधित पक्षों से 31 अक्टूबर तक टिप्पणियां मांगी हैं। इसके बाद इस कानून को अमल में लाया जा सकता है।

**6 महीने की समय-सीमा देने का प्रस्ताव दिया**-दिशानिर्देशों के मसौदे में कहा गया है, जहां भी आवश्यक हो, कर्जदाता बकाया राशि की तेजी से वसूली के लिये उधार लेने वाले/ गारंटी देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेगा। इसमें कहा गया है कि कर्जदाता किसी खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में रखे जाने के छह महीने के भीतर जानबूझकर चूक करने वालों से संबंधित पहलुओं की समीक्षा करेगा और उसे अंतिम रूप देगा। रिजर्व बैंक ने दिशानिर्देशों के मसौदे पर संबंधित पक्षों से 31 अक्टूबर तक सुझाव देने को कहा गया है। **कौन से लोग विलफुल डिफॉल्टर की श्रेणी में**-आरबीआई जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों की पहचान उन लोगों के रूप में करता है, जो बैंक का बकाया चुकाने की क्षमता रखते हैं, लेकिन बैंक का पैसा नहीं चुकाते या उसका अन्यत्र उपयोग नहीं करते। आरबीआई के पास पहले कोई विशिष्ट समय-सीमा नहीं थी, जिसके भीतर ऐसे उधारकर्ताओं की पहचान की जानी थी। सर्कुलर में कहा गया है कि एक जानबूझकर डिफॉल्टर या कोई भी इकाई, जिसके साथ एक जानबूझकर डिफॉल्टर जुड़ा हुआ है, उसे किसी भी ऋणदाता से कोई अतिरिक्त क्रेडिट सुविधा नहीं मिलेगी और वह क्रेडिट सुविधा के पुनर्गठन के लिए पात्र नहीं होगा। आरबीआई ने प्रस्ताव दिया है





कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को भी समान मापदंडों का उपयोग करके खातों को टैग करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

| रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं | |
|---|---|
| मुद्रा | रुपया |
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.93 |
| एक यूरो | 88.32 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101.69 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.55 |
| एक जापानी येन | 00.55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## जेपी मॉर्गन ने भारत को इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में किया शामिल

### जून 2024 से सरकारी बॉन्ड्स में 25 बिलियन डॉलर का निवेश संभव

*नई दिल्ली। जून 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड में अरबों डॉलर का विदेशी निवेश आ सकता है. जेपी मॉर्गन चेज ने अपने भारत के सरकारी बॉन्ड को बेंचमार्क इमर्जिंग-मार्केट इंडेक्स में शामिल करने का फैसला किया है.*

28 जून 2024 से जेपी मॉर्गन गवर्मेंट बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट में भारत सरकार के सरकारी बॉन्ड्स को शामिल करेगा. इस इंडेक्स में 10 फीसदी वेटेज भारत के सरकारी बॉन्ड्स का होगा. जेपी मॉर्गन के इस फैसले से एक अनुमान के मुताबिक देश के डेट मार्केट में 25 बिलियन डॉलर के निवेश के आने की संभावना है.

**रुपया मजबूत, बैंकिंग स्टॉक्स में उछाल**-जेपी मॉर्गन के इस फैसले के चलते सुबह करेंसी मार्केट में डॉलर के मुकाबले रुपया बड़ी मजबूती के साथ खुला. रुपया एक डॉलर के मुकाबले 29 पैसे की मजबूती के साथ 82.82 रुपये पर खुला. वहीं शेयर बाजार में बैंकिंग स्टॉक्स में जोरदार खासतौर से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली है.





**भारत पर बढ़ते भरोसे का असर**- भारत के सरकारी बॉन्ड्स को बेंचमार्क इमर्जिंग-मार्केट इंडेक्स में शामिल करने पर आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा ये स्वागत योग्य फैसला है जो भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसे को दिखाता है. मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भी फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि जेपी मॉर्गन ने खुद ये निर्णय लिया है. ये फाइनेंशियल मार्केट के भागीदारों और फाइनेंशियल मार्केट्स के भारत की क्षमता और ग्रोथ संभावनाओं उसके व्यापक आर्थिक और राजकोषीय नीतियों पर भरोसे को दिखाता है. जिस प्रकार लंबी अवधि के लिए भारतीय इक्विटी मार्केट्स में निवेश पर निवेशकों को लाभ हुआ है उसी प्रकार भारत सरकार के बॉन्ड में भी लंबी अवधि के निवेशकों को फायदा होगा.

**रेटिंग एजेंसी बदलेंगी नजरिया**- जेपी मॉर्गन इमर्जिंग बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल किए जाने पर कोटक महिंद्रा एएमसी के एमडी निलेश शाह ने कहा, भारत को बॉन्ड इंडेक्स में शामिल करने सही दिशा में लिया गया फैसला है. रूस के इंडेक्स से बाहर जाने और चीन में दिक्कतों के चलते डेट मार्केट में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए ऑप्शन सीमित हो गया है. उन्होंने रेटिंग एजेंसी से निवेशकों के इस फैसले का सम्मान करते हुए कहा कि वे अपने मूडी और पूअर स्टैंडर्ड्स को छोड़ेंगे. निलेश शाह ने कहा इस फैसले से भारत के बॉन्ड मार्केट को मजबूती मिलेगी.

**निवेशकों को लुभायेगा सरकारी बॉन्ड**-ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने इस साल भारत के सरकारी बॉन्ड में 3.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है. भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशक बड़े निवेशक के तौर पर उभरे हैं. लेकिन अब भारत सरका के सरकारी बॉन्ड्स भी निवेशकों को लुभायेंगे।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# लाड़ली बहनों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी



## 1 सितम्बर से रसोई गैस सिलिंडर मिलेगा सिर्फ ₹450 में

## भैया शिवराज सिंह चौहान ने की सिलिंडर रीफिलिंग योजना की शुरुआत

"प्रिय लाड़ली बहनों, रक्षाबंधन के अवसर पर 27 अगस्त को मैंने आप सभी को वचन दिया था कि सावन के महीने में ₹ 450 में आप सभी को गैस सिलिंडर प्राप्त होगा। मैंने यह भी कहा था कि ₹ 450 में गैस सिलिंडर मेरी लाड़ली बहनों को मिले इसकी स्थायी व्यवस्था भी मेरी सरकार करेगी। मैंने वो वचन पूरा करते हुए इसके लिये योजना लागू कर दी है। आप सभी से अपील करता हूं कि इसके लिए बहनें आवेदन भरें ताकि पोर्टल पर पंजीयन हो सके।"

शिवराज सिंह चौहान

### पात्रता

- ऐसी बहनों को पात्रता होगी जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी हों।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी बहनें भी पात्र होंगी।

### पंजीयन

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना पोर्टल पर पंजीयन होगा।
- केवल दो दस्तावेज आवश्यक होंगे, एलपीजी कनेक्शन आईडी एवं समग्र आईडी।
- पंजीयन उन सभी केंद्रों पर, जहां लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है, किया जायेगा।
- शासन ऑयल कम्पनी से पात्र बहनों की जानकारी प्राप्त कर, उसका प्रदर्शन 25 सितम्बर को उक्त पोर्टल पर करेगा।
- बहनों की समस्या निराकरण हेतु 'शिकायत निवारण एप्लीकेशन' भी उपलब्ध होगी।

### अनुदान राशि

- पात्रताधारी बहनों को प्रतिमाह अधिकतम एक रीफिल पर अनुदान।
- लाड़ली बहनें ऑयल कम्पनी से कम्पनी की दर पर गैस रीफिल करायेंगी। ₹450 से ऊपर की राशि बहनों के बैंक खाते में रीफंड की जायेगी।
- सावन माह, 4 जुलाई से 31 अगस्त तक गैस रीफिल कराने वाली बहनों को भी अनुदान उनके बैंक खातों में दिया जायेगा।

